हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 40.4 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री



लगातार बढ़ रही गर्मी, धूप से बचने का प्रयास करतीं युवतियां।

## खबर संक्षेप

### जनगणना प्रशिक्षार्थियों को मिली राहत

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिले के प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जनगणना प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षार्थियों को बड़ी राहत दी है। कार्यक्रम में भाग लेने के कारण अनुपस्थित रहने वालों को अनुपस्थित नहीं माना जाएगा। उनका प्रशिक्षण बाद में पूरा कर लिया जाएगा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे देश में मनाई जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होते हैं। जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि 14 अप्रैल को आयोजित जनगणना प्रशिक्षण में यदि कोई प्रशिक्षार्थी अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में भाग लेने के कारण अनुपस्थित रहता है, तो उसे अनुपस्थित की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण बाद में किसी अन्य उपयुक्त जनगणना बैच के साथ पूर्ण कराया जाएगा।

### कोंडातराई फाटक बंद रहेगा आज तक

**बिलासपुर।** आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए कोंडतराई समपार फाटक को बंद किया गया है। रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के किरोड़ीमल नगर से भूपदेवपुर के बीच स्थित मानव सहित समपार कोंडतराई फाटक को 13 अप्रैल की शाम 6 बजे से 14 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक बीसीएम डीप स्क्रीनिंग कार्य करने सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया है।

### सदन में अवैध निर्माण, अतिक्रमण व पेयजल समस्या को लेकर जमकर हंगामा

# नगर निगम सामान्य सभा में सभापति सहित पक्ष व विपक्ष के पार्षदों का गुस्सा फूटा





सोमवार को नगर निगम में आयोजित सामान्य सभा में बजट को लेकर आरोप-प्रत्यारोप करते मेयर पूजा विधानी और विपक्ष के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार को बजट के लिए आयोजित नगर निगम की सामान्य सभा में जमकर हंगामा हुआ। सभा में अवैध निर्माण, अतिक्रमण और पेयजल आदि समस्याओं को लेकर पक्ष और विपक्ष के पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा, यहां तक कि सभापति विनोद सोनी ने आसंदी से नाराज होते हुए कह दिया कि उनके कहने के बाद भी अवैध निर्माण मामले में कार्रवाई नहीं हुई, सभापति ने अपना दुखड़ा रोते हुए यह भी कह दिया कि उनके कहने से अतिक्रमण शाखा द्वारा ठेले भी नहीं छोड़े जाते हैं।

लखीराम आडियोरियम में आयोजित नगर निगम की सामान्य सभा में जैसे ही प्रश्नकाल चालू हुआ विपक्षी कांग्रेस पार्षद दल की ओर से महापौर श्रीमती पूजा विधानी पर वार्डों के विकास कार्यों में दलगत राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि महापौर निधि से भाजपा पार्षदों के वार्डों में लाखों रुपए के काम हो रहे हैं और कांग्रेस पार्षद वाले वार्डो में काम नहीं कराए जा रहे। इसके साथ ही कांग्रेस पार्षद दल ने खड़े होकर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। इतने में भाजपा पार्षद भी महापौर के बचाव में उठ खड़े हुए और दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी।

महापौर पूजा विधानी ने कांग्रेस पार्षद से कहा कि आपको हक नहीं है फिर भी आपको सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटे पार्षद, संतोषी रामा बघेल, श्री गोयल जैसे कांग्रेस पार्षद के वार्डों में भी महापौर निधि से स्वीकृति हुई है। इसके बाद महापौर निधि से 2 करोड़ 30 लाख के कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद अमृत मिशन तहत गंदा मटमैला पानी सप्लाई को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने खूब हल्ला मचाया, उनका यह भी आरोप था कि पेयजल की समस्या बहुत है और न ही मरम्मत कार्य हो रहा है और नलकूप खनन हो रहा है।

जवाब देते हुए महापौर पूजा विधानी ने बताया कि अमृत मिशन तहत खूंटाघाट से जो पानी आ रहा है वह थोड़ा मटमैला जरूर है, पर वह खराब या बदबूदार नहीं है।

### सर्जिकल मास्क लगाकर पहुंचे भाजपा पार्षद

सामान्य सभा बैठक के दौरान आज भाजपा पार्षद रंगानादम मुंह पर सर्जिकल मास्क लगाकर पहुंचे थे जिसे लेकर पक्ष व विपक्ष दोनों ही पार्षदों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। यहां तक आसंदी पर बैठे सभापति विनोद सोनी तक से नहीं रहा गया और उन्होंने भी चुटकीला अंदाजा में टिप्पणी करते हुए कहा कि आज रंगानादम कुछ नहीं बोल रहा मुंह में मास्क लगाकर पहुंचा है। असल में पार्षद रंगानादम ने ही लायन सर्विसेस कंपनी का सफाई ठेका बढ़ाने और साफ-सफाई नहीं होने का मुद्दा भाजपा कार्यालय में पार्षद दल की बैठक में उठाया था और महापौर श्रीमती पूजा विधानी के साथ उनका जमकर बहसबाजी हुई थी। इसलिए सभी पार्षद आज बैठक में पूछ रहे थे कि रंगा आज कुछ नहीं बोलेगा क्या। लेकिन लंच समय को छोड़कर रंगा पूरे समय मुंह पर मास्क चढ़ाए रहा।

### निगम अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

बैठक में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मुद्दे को लेकर खूब हंगामा हुआ। कांग्रेस पार्षद की ओर से गोलबाजार में तीन अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया गया और निगम अधिकारियों पर मिलीभगत कर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया गया। इस पर सभापति श्री सोनी ने भी आसंदी से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वह उनका वार्ड है वहां उनके कहने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि उनके कहने के बाद भी अतिक्रमण शाखा द्वारा ठेला नहीं छोड़ा जाता है। कांग्रेसी पार्षदों का कहना था कि डंके की चोट पर अवैध निर्माण का खेल सभी तरफ चल रहा है। निगम के भवन शाखा और अतिक्रमण शाखा के लोग जाते हैं और नोटिस देने के बाद मिलीभगत कर आ जाते हैं। अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मुद्दे पर सत्तापक्ष भाजपा के भी कई पार्षदों ने मोर्चा खोला। एक भाजपा पार्षद ने तो जरहाभाठा क्षेत्र में विवाह भवन, बंगला का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा है जिसके चलते सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। मोहल्लेवासियों ने शिकायत की थी और अगर निगम द्वारा कार्रवाई नहीं किया तो वे खुद भूख हड़ताल आंदोलन करेंगे। इसी तरह कुछ और भाजपा पार्षदों ने भी कांग्रेस पार्षदों की तरह ही अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया।

### लायन सर्विसेस के ठेका नवीनीकरण को लेकर आपत्ति

कांग्रेस पार्षद दल ने लायन सर्विसेस का सफाई ठेका का नवीनीकरण के लिए 53 करोड़ राशि की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने का विरोध करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि एमआईसी का अधिकार 3 करोड़ तक का है उसके बाद सामान्य सभा में प्रस्ताव लाकर शासन को भेजा जाता है। साफ-सफाई हो नहीं रही है और गलत तरीके से सफाई का ठेका आगे बढ़ाया जा रहा है।

### अतिक्रमण शाखा पर गुंडागर्दी का आरोप

सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षदों ने हल्ला मचाते हुए कहा कि कई-कई मंजिला अवैध निर्माण हो जा रहा है और उन अमीरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गरीबों ठेले वालों को सताया जा रहा है। अतिक्रमण शाखा द्वारा गुंडागर्दी दादागिरी किया जाता है और गरीब ठेले वालों को परेशान किया जा रहा है। ठेले वालों से पैसे भी वसूलते हैं और उनके ठेले के साथ फल, सब्जियों को कई-कई दिनों तक जप्त रखते हैं जिससे फल, सब्जी सड़कर खराब हो जाता है और गरीबों का नुकसान होता है। पार्षदों का कहना है कि शुल्क लेकर उन्हें छोड़ देना चाहिए ताकि फल, सब्जी सड़कर नुकसान न हो। कांग्रेस पार्षद की ओर दो घंटे भीतर ठेला छोड़ने प्रस्ताव पास करने की बात कही गई, जिस पर महापौर का कहना था कि हमारे पास भी ठेले वाले आते हैं और हम भी ठेला छुड़वाते हैं, किन्तु पूरे शहर की सड़कों पर ठेले का अतिक्रमण हो जाए इस तरह का प्रस्ताव पारित करना गलत है।

# सामान्य सभा में निगम के 1301 करोड़ से अधिक का बजट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने अपने कार्यकाल का यह दूसरी बजट बजट पेश किया गया है। सोमवार को सामान्य सभा में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1301 करोड़ 67 लाख 58 हजार राशि का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस बजट में बुनियादी सुविधाओं, विकास कार्यों समेत निगम के नए क्षेत्र के वार्डो के लिए राशि एवं पिंक टायलेट व महिला गार्डन आदि के प्रावधान किए गए हैं।

- नए वार्डो के विकास लिए राशि समेत पिंक टायलेट, महिला गार्डन, सौंदर्यीकरण के लिए प्रावधान

सामान्य सभा में महापौर पूजा विधानी ने आज बजट पेश करते हुए इसे शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं वाला बजट बताया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित 1301 करोड़ 67 लाख 58 हजार राशि का बजट पारित किया गया है। यह पिछले वर्ष से अधिक राशि का बजट है, क्योंकि पिछले बार लगभग 1 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ था। इस बार के बजट में जो प्रावधान रखे गए हैं, उनमें केन्द्र प्रवर्तित योजना 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत अंतर्गत विकास कार्य, सफाई व्यवस्था के लिए आधुनिक मशीन व पेयजल व्यवस्था का प्रावधान शहर विकास के लिए प्रस्तावित है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 2465 आवास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। राज्य प्रवर्तित योजना के तहत ज्ञान स्थली, पुष्पवाटिका, सरोवर धरोहर योजना, मुक्तिधाम योजना, पीएम स्ट्रीट लाईट वेंडर, स्वच्छता श्रृंगार योजना, श्रद्धाजंलि योजना के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्डों के विकास कार्य, सीसी रोड, नाली निर्माण, डामरीकरण, चौक-चौराहों का सौंद्रर्यीकरण, प्रवेशद्वार निर्माण, वार्डों में समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना प्रथम एवं द्वितीय चरण, नए बोरिंग एवं पाईप लाइन विस्तार के लिए बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह पिंक टायलेट, महिला गार्डन, शहर के डिवाईडरों और प्रवेशद्वारों का जीर्णोद्धार, सौंद्रर्यीकरण तथा निगम के नए क्षेत्रों के वार्डों के लिए बजट प्रावधान किया गया है।

### विकास पर दिया गया है ध्यान



नगर निगम का 1301 करोड़ से अधिक का बजट पास हुआ है जो कि पिछले बार के बजट से अधिक है। इसमें शहर विकास, सौंदर्यीकरण, पेयजल, रोड, नाली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रावधान किया गया है। पिंक टायलेट और महिला गार्डन के लिए प्रस्ताव किया गया है और नए वार्डो के विकास पर भी ध्यान दिया गया है।

**- पूजा विधानी,** महापौर बिलासपुर

### लोक लुभावन है बजट

महापौर द्वारा पेश किया गया नगर निगम का यह बजट लोक लुभावन बजट है। इस बजट में नया कुछ भी नहीं है। पेयजल, साफ-सफाई से लेकर मच्छर आदि की समस्या दूर नहीं हो पाई है। पिछले बार वार्डो को एक-एक करोड़ का प्रावधान किया गया था वह भी पूरा नहीं हो पाया है।

**- भरत कश्यप,** नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस पार्षद दल

### बजट एक नजर

वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित राजस्व प्राप्तियां में स्वयं का राजस्व 10070.91 लाख एवं राज्य शासन से राजस्व अनुदान एवं क्षतिपूर्ति 12108.97 लाख कुल राजस्व प्राप्तियां 22179.88 लाख है जिसके विरूद्ध कुल पुनरीक्षित राजस्व व्यय 22044.33 लाख हुआ है। निगम के स्वयं का राजस्व मात्र 10070.91 लाख की प्राप्ति हुई है जबकि स्थापना वेतन मद में ही 4737.37 लाख का व्यय भारित हुआ है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आय-व्यय पत्रक के अनुसार अनुमानित आय 978,37.06 रुपए तथा अनुमानित व्यय 1064,69.37 लाख और अंतिम शेष 236,98.21 लाख रुपए है। इस तरह कुल 13 सौ 1 करोड़ 67 लाख 58 हजार रुपए का बजट है।

### कोर्ट ने कहा एक व्यक्ति का सुख दूसरे के लिए कष्ट बन जाता है तो न्याय का तराजू उसे अस्वीकार करने की मांग करता है

# डीजे का सुपुर्दनामा देने से कोर्ट का इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोर्ट ने तेज आवाज में गाना बजाने पर बेलगहना पुलिस चौकी में जब्त डीजे के सामान को सुपुर्दनामा देने के लिए लगाए गए पुनरीक्षण आवेदन को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा एक व्यक्ति का सुख दूसरे के लिए कष्ट बन जाता है तो न्याय का तराजू उसे अस्वीकार करने की मांग करता है।

17 मार्च की रात 10 बजे बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर को सूचना मिली केबिनपारा में शादी कार्यक्रम में डीजे वाले तेज आवाज में गाना बजा रहे हैं, जिससे कक्षा 10 वीं, 12 वीं का बोर्ड परीक्षा दिला रहे छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। उसके अलावा आसपास क्षेत्र के लोगों को अधिक तेज आवाज के कारण परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर डीजे वाहन क्रमांक सीजी 11एडी, 0507 में स्पीकर, एम्प्लीफायर, जनरेटर, सारफी लाइट, पार लाइट, स्वीच बोर्ड तार, मोबाइल जब्त कर धारा 4, 10 छ.ग. कोलाहाल अधिनियम 1985 का अपराध पाए जाने पर संचालक के खिलाफ पृथक से इस्तगासा तैयार कर कोर्ट में पेश किया गया। विचारण न्यायालय ने जब्त वाहन एवं डीजे उपकरण को सुपुर्दनामें पर देने का आवेदन निरस्त कर दिया है। डीजे संचालक श्याम यादव पिता गोपीराम यादव 45 साल ने जिला न्यायालय सेशन कोर्ट में डीजे के सामान को सुपुर्दनामे में देने पुनरीक्षण आवेदन लगाया। सत्र न्यायाधीश सिराजुदीन कुरैशी ने सुपुर्दनामे आवेदन को निरस्त कर दिया है। सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी ने आदेश में कहा है मौन ही संगीत का सर्वोच्च रूप है। मौन में सामंजस्य होता है। शोर में केवल अशांति होती है। समाज अराजकता में नहीं, बल्कि संयम में फलता फूलता है, क्योंकि संयम ही स्वतंत्रता की नींद है। जब एक व्यक्ति का सुख दूसरे के लिए कष्ट बन जाता है तो न्याय का तराजू उसे अस्वीकार करने की मांग करता है। इस प्रकार संवैधानिक अधिकारों, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव के तराजू पर तौले जाने पर जब्तशुदा वाहन डीजे और ध्वनि उपकरणों को वापस दिलाने की प्रार्थना पूरी तरह से अनुचित है। ऐसे ध्वनि उपकरणों की पावसी की अनुमति देना, उस उपद्रव के साधन को ही बढ़ावा देना होगा, जिसे कोलाहल अधिनियम रोकने का प्रयास करता है। कानून का उद्देश्य व्यक्तियों को अशांति फैलाने वाले औजारों से लैस करना नहीं है, बल्कि समाज को टाले जा सकने वाले कष्टों से बचाना है।




# चिल्ड्रन स्पेशल

# उचित चिकित्सीय देखभाल रखे बच्चों को खुशहाल


स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल
आपके बच्चे की सुरक्षा, हमारा कर्तव्य हैं.
ADVANCED NICU & CRITICAL CARE
50 बिस्तरों का सर्व सुविधा युक्त बच्चों का अस्पताल
डॉ. एम. एच. सिद्धीकी M.D., M.R.C.P.C.H. (LONDON UK)
डॉ. संतोष गेमनानी M.D., NICU Incharge Fellow in clinical Neomatology
डॉ. प्रीतिश बनर्जी M.D., NICU Incharge Fellow in clinical Neomatology
सभी इंश्युरेंस कंपनियों द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध हैं
आयुष्मान भारत योजना द्वारा 0-18 वर्ष के बच्चों की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध हैं

| | |
|---|---|
| Chhattisgarh State Govt. | Aditya Birla Health Insurance Co Ltd |
| South East Central Railway | PARAMOUNT Health Services & Insurance Tpa Pvt.Ltd |
| CHOLAMANDALAM General Insurance Co. Ltd. | STAR Health and Allied Insurance Co Ltd. |
| ICICI LOMBARD General Insurance Co Ltd | Universal Sampo General Insurance |
| NIVA BUPA Health Insurance Co Ltd | HDFC Ergo General Insurance |
| FUTURE GENERAL India Life insurance Co Ltd. | CARE Health Insurance |
| IFFCO-TOKIO General Insurance Co Ltd | TATA Aig General Insurance |
| SBI General Insurance Co Ltd. | ACKO General Insurance |

अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-470170, 470172 मो.- 9174574149


## गर्मी में बच्चों के लिए ज़रूरी सावधानियाँ

1. पानी की कमी न होने दें (Hydration) 1 साल से कम: ब्रेस्टफीडिंग या फॉर्मूला दूध जारी रखें। 6 माह से अधिक हो तो उबला-ठंडा पानी थोड़ा-थोड़ा पिलाएँ 1-8 साल: रोज़ 1-1.5 लीटर तरल पदार्थ दें – नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी, चावल का माड़ (कांजी) या ORS का घोल देवे।2. खतरा संकेत: पेशाब कम आना या गहरे पीले रंग का होना – तुरंत पानी पिलाएँ एवं पानी की मात्रा बढ़ाये। 3. कपड़े और बाहर जाने का सही समय (Heat Stroke बचाव) कपड़े ढीले पहने, सूती के पहने एवं हल्के रंग के, पूरा बाजू ढके ताकि धूप सीधे न लगे। बाहर निकलने का समय-सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर न जाने दें। खेलने का समय–सुबह 10 से पहले या शाम 5 के बाद। गाड़ी या कार में कभी भी बच्चे को अकेले न छोड़ें 5 मिनट में भी जानलेवा गर्मी हो सकती है, जो कि बच्चे के लिए खतरनाक हो सकती है। 4. घमौरियों और रैशेज से बचाव - नहाना-दिन में 2-3 बार ठंडे पानी से नहलाएँ। पानी में नीम के पत्ते डाल सकते हैं जिससे घमौरिया दूर होती है। पाउडर-टैल्कम पाउडर से बचें (यह पसीने की नलियाँ को बंद करता है) मकई स्टार्च (cornstarch) वाला पाउडर इस्तेमाल करें। कपड़े बदलें-पसीने से भीगे कपड़े तुरंत बदलें यह घमौरियों का मुख्य कारण है एवं फंगल इन्फेक्शन मुख्य कारण है। 5. खाने-पीने में सावधानी (डायरिया बचाव) - क्या न दें -बाहर की चाट, ईमली पानी, बहुत समय के कटे हुए फल, गन्ने का रस, कच्चा सलाद, और 2 घंटे से बाहर रखा हुआ खाना। क्या दें सकते है - घर का दही, घर की खिचड़ी, घी वाला चावल, और सीमित मात्रा में आम, बर्फ एवं बर्फ से बनी हुई चीजे न खिलाएँ, ठेले वाली बर्फ में दूषित पानी होता है। 6. लू (Heat Stroke) और हीट एक्ज़ॉशन में अंतर पहचानें - हीट एक्ज़ॉशन से बच्चे की त्वचा ठंडी या गीली होने लगे, मिचली होने लगे, ऐंठन – तुरंत बच्चें को छाँव में लाएँ, गीले कपड़े से पोंछें, ORS का घोल पिलाएँ। लू (Heat Stroke) से तेज बुखार की स्थिति अगर (104F से अधिक हो) या त्वचा गरम-सूखी हो, बेहोशी सा लगे, पसीना न आना – यह एक इमरजेंसी का संकेत है। कपड़े बदले, गर्दन/बगल/जाँघों पर बर्फ लगाएँ और तुरंत अस्पताल ले जाएँ। 7. आँख और त्वचा की सुरक्षा आँखें - 1 साल से बड़े बच्चों को UV प्रोटेक्शन वाला धूप का चश्मा पहनाएँ। सीधे सूरज की ओर न देखने दें। सनस्क्रीन- घर से बाहर जाने से 20 मिनट पहले SPF 30+ वाली सनस्क्रीन क्रीम अवश्य लगाएँ। हर 2 घंटे में दोबारा लगाएँ (जिंक ऑक्साइड वाला बेहतर होगा) 8. सोने का वातावरण और मच्छर बचाव- बच्चों के बिस्तर पर पतले सूती चादर बिछाएँ, सिंथेटिक गद्दे से बचें। अगर AC हो तो 24-26C पर रखें, सोने के कमरे को बहुत ठंडा न करें। डेंगू एवं मलेरिया मच्छर से बचाव - शाम को बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाए और सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। गर्मी में भी डेंगू एवं मलेरिका होने का खतरा होता है। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएँ। अगर बुखार 102F (39C) से अधिक हो और उतर न रहा हो, बार-बार उल्टी या दस्त हो (2 घंटे में 3 से अधिक बार हो), बच्चा बहुत कमजोर या असामान्य रूप से सुस्त हो जाये, बच्चें को 8 घंटे से पेशाब न आया हो तो ऐसी स्थिति में तुरंत शिशु रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।


डॉ. एम.एच. सिद्दिकी
शिशु रोग विशेषज्ञ
M.D. M.R.C.P.H. (UK)

## गर्मियों में जरूरी डिहाइड्रेशन से बचाव

गर्मियों में बच्चों को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाने के लिए उन्हें समय-समय पर पानी, नारियल पानी, ओआरएस या नींबू पानी पिलाते रहें। दोपहर 11 बजे से 4 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें और उन्हें हल्के, ढीले सूती कपड़े पहनाएं। तरबूज, खीरा और संतरा जैसे अधिक पानी वाले फल खिलाएं। शिशुओं के लिए स्तनपान सबसे बेहतर है।

डिहाइड्रेशन से बचाने के प्रभावी उपाय: तरल पदार्थों का सेवन: बच्चों को प्यास लगने का इंतज़ार न करें, उन्हें नियमित अंतराल पर पानी, ताजे फलों का रस, छाछ या नारियल पानी देते रहें। हाइड्रेटिंग डाइट: भोजन में तरबूज, खरबूज, खीरा और संतरा जैसे फलों को शामिल करें जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है।धूप से बचाव: दोपहर 11 से 4 बजे के बीच बच्चों को सीधी धूप में न ले जाएं। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर ढंक कर रखें।सही कपड़े: बच्चों को हल्के रंग के और ढीले सूती कपड़े पहनाएं ताकि शरीर का तापमान सामान्य रहे। ORS का उपयोग: यदि बच्चा बहुत सुस्त लगे या डिहाइड्रेशन के लक्षण दिखें, तो डॉक्टर की सलाह पर ORS का घोल दें। ध्यान दें: छोटे शिशुओं (6 महीने से कम) को केवल स्तनपान या फॉर्मूला मिल्क ही दें, उन्हें ऊपर से अतिरिक्त पानी देने की आवश्यकता सामान्यत: नहीं होती है (डॉक्टर की सलाह लें)।

बच्चों में डिहाइड्रेशन - बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं - शिशुओं में डिहाइड्रेशन का इलाज के लिए शिशु को इलेक्ट्रोलाइट युक्त तरल पदार्थ पीने के लिए प्रोत्साहित करके किया जाता है।


डॉ. आलोक कश्यप
नवजात शिशु
एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ


होम्योपैथिक क्लीनिक
18 वर्षों का अनुभव
Dr. Shweta Chetani
सीनियर विशेषज्ञ एवं सलाहकार
बी.एच.एम.एस. (रायपुर),
पी.जी.एन.ए.एच.आई. (नागपुर)
एक्टिव मेम्बर ऑफ आर.एच.एस.सी.
उपलब्ध उपचार
- पाईल्स एवं फिशर
- सोरएसिस
- माइग्रेन
- स्लिप डिस्क
- ऑटोइम्यून डिजीज
- अर्थराइटिस
- अस्थमा
- हारमोनल डिजीज
- त्वचा रोग
- PCOD
- महिलाओं के रोग
सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अमेरी रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
9827495398



लोटस चिल्ड्रन हॉस्पिटल
LOTUS CHILDREN HOSPITAL
डॉ. अनिस आकबानी DCH, DNB (Pediatrics) Fellowship in Neonatology (Banglore) शिशु रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
डॉ. आलोक कश्यप M.D. Pediatrics(Jabalpur) नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज चंद्राकर M.D. Pediatrics (Ahmedabad & Wadia Hospital Mumbai) Fellowship in Pediatrics ICU 2D ECHO TRAINED क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
★ नवजात शिशु चिकित्सा इकाई (NICU)
★ शिशु रोग चिकित्सा इकाई (PICU) ★ एक्स-रे, पैथोलॉजी
★ न्यूरोलॉजी क्लीनिक (बच्चों में मिर्गी/झटके दिमागी अपरिपक्वता, मस्तिष्क ज्वर, दिमागी मलेरिया इत्यादि का उपचार)
★ थेलेसिमिया व सिकलिंग के बच्चों के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन, क्राइसिस, ट्रीटमेंट एवं रक्त संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
★ बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग की सुविधा और न्यूट्रिशियन संबंधी काउंसिलिंग उपलब्ध हैं
24/7 Emergency Services
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण एवं 24x7 भर्ती सुविधा
शहर के मध्य में स्थित सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
आयुष्मान भारत योजना द्वारा 0-18 वर्ष के बच्चों की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है
8640013150, 8109913150, 07752-446602
राजेन्द्र नगर चौक, रायपुर रोड बिलासपुर (छ.ग.)


## माईग्रेन का उपचार होम्योपैथी में संभव है

माईग्रेन एक प्रकार का सरदर्द है जो बार-बार होता है माईग्रेन का दर्द धीरे से शुरू होकर बहुत तीव्रता के साथ बढ़ जाता है और व्यक्ति को सर में असहनीय दर्द महसूस होता है। माईग्रेन के दर्द के साथ उल्टी आना, मतली जैसा लगना चिड़चिड़ापन होना, मूड बदलना आदि इसके लक्षण है। माईग्रेन का दर्द तनाव या हार्मोन असंतुलन के कारण या बहोत शोर वाले वातावरण में रहने के कारण, तेज गंध वाले परफ्यूम, नींद पूरी न होना, कुछ विशेष खाने वाले पदार्थो के कारण यह दर्द उत्पन्न होता है। कुछ महिलाओं में माहवारी के दौरान माईग्रेन का दर्द होता है। माईग्रेन का होम्योपैथी में बहुत ही कारगर ईलाज सम्भव है दवा देते समय होम्योपैथिक चिकित्सक दर्द का पैर्टन कैसा है, दर्द के समय रोगी का मन कैसा रहता है इन कारणों का अवलोकन करके माईग्रेन के मरीज को दवा दी जाती है। मरीज के स्वभाव एवं अन्य शरीर की समस्याओं को ध्यान मे रखकर दवा का चुनाव किया जाता है। माईग्रेन को जड़ से खत्म करने के लिए दवा का पूरा कोर्स मरीज को लेना आवश्यक हैं।


डॉ.श्वेता चेतानी
सीनियर होम्योपैथिक
चिकित्सक

## अगर बच्चा स्कूल में कमजोर है तो डांटे नहीं - डॉ अशोक मेहता

अगर आप का बच्चा स्कूल मे लिखने, पढ़ने में या गणित में कमजोर है तो उस को रेमेडियल थेरेपी से काफी हद तक सुधारा जा सकता है। इस डिसऑर्डर को लर्निंग डिसएबिलिटी कहते है जो लगभग 17 प्रतिशत बच्चों में पाया जा सकता है, जो कि बहुत बड़ी समस्या है। इसके लिए शिशु विकास केन्द्र में जाकर विशेषज्ञ से परामर्श करें। वो उस शिशु का आकलन कर के समस्या का निराकरण विभिन्न थेरेपी द्वारा करेंगे। अगर कोई और Neuro Developmental समस्या है, तो उस का भी निदान एवं निराकरण थेरेपी द्वारा किया जा सकता है। दरअसल, एक वर्ष से अधिक की उम्र में सभी बच्चों के मस्तिष्क विकास का आकलन विशेषज्ञ द्वारा अवश्य कराना चाहिए। बच्चों के आकलन के द्वारा अगर कोई समस्या हो तो, त्वरित इलाज जरूर कराएं अगर 3 वर्ष के पूर्व आकलन शुरू किया जाए तो परिणाम बहुत बेहतर होते हैं। इसके लिए कंप्यूटर द्वारा समस्या के निदान के लिए मेहता शिशु विकास केन्द्र में (AI बेस्ड) उपकरण भी उपलब्ध है। अगर बच्चा आवाज देने पर ध्यान न दे, 18 माह में अर्थपूर्ण शब्द न बोले, अकेला-अकेला खेले और दोस्त न बनाये तो चिकित्सक के पास जाकर परामर्श अवश्य लें।


डॉ.अशोक मेहता
(एम.डी.)
शिशु रोग विशेषज्ञ



## क्या आपके बच्चे का सामाजिक विकास हो रहा है?

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है मनुष्य एवं जानवर में सबसे बड़ा फर्क उसके दिमाग का है। जब बच्चा 3 महीने का होता है तो उसके चेहरे पर अपने पहचान वालों को देखकर एक सोशल स्माइल आती है, अपने नाम पर ध्यान देने लगता है कोई भी अभिभावक अपने बच्चों को ध्यान दें अगर उनका बच्चा 3 माह में अपने नाम पर सही प्रकार से प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है तो बच्चे में सुनने या हीयरिंग की समस्या हो सकती है तो ऐसा होने पर अपने बच्चे की सबसे पहले कान की जांच करायें।

आजकल सबसे ज्यादा समस्या बच्चों को ऑटिज़्म की हो रही है इसलिए सभी बच्चों के अभिभावकों (माता-पिता) में जागरूकता जरूरी है अगर आपका बच्चा अपने आप में मगन रहता है या, हमेशा अकेले में ही मगन रहता है खेलता है या अति चंचल है तो यह भी अपने आप में बहुत बड़ी समस्या है। बच्चे में बोलने या स्पीच का विकास दो से पांच (2 से 5) वर्षों के बीच में 0 से 1 प्रतिशत हो जाता है। अगर बच्चा बोलना या सुनना शुरू नहीं किया है तो उसे ऑडियोलॉजिस्ट या स्पीच थेरपिस्ट के पास लेकर जायें एवं पता करें की बच्चे में ऑटिज्म की समस्या तो नहीं, है क्योंकि अगर बच्चे का इलाज सही समय पर नहीं किया गया तो उसका सामाजिक विकास संभव नहीं है एक बड़ी समस्या आजकल बच्चों में देखने को मिलती है जैसे- मोबाइल पर ज्यादा समय बिताना और स्क्रीन टाइम पर बढ़ते समय को लेकर भी माता-पिता परेशान हैं। मोबाइल और स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों के दिमाग और आंखों पर बुरा असर पड़ रहा है साथ ही कान साफ करने के लिए गलत चीजों का उपयोग करने से बच्चों के सुनने की क्षमता कम होने लगती है। माता-पिता को बच्चे के सही मानसिक विकास के लिए उसको मोबाइल से दूर रखकर स्वंय ही समय व्यतीत करनी चाहिए बच्चे में बोलने की समस्या है जैसे- हकलाना या तोतलाना समय रहते ही पांच वर्ष तक इसका इलाज करा लेना चाहिए नहीं तो यह समस्या जीवन भर बच्चे का आत्म विश्वास कम कर देती है। अभिभावकों को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए थोड़ा सजग एवं जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। आशा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक की संचालिका ने बताया की इन सभी समस्याओं का निदान है। आजकल बच्चों एवं बड़ों में चक्कर आने की समस्या बढ़ गई है जिसके लिए पोस्टिरियोग्राफी एवं विडियोविस्टिरियोग्राफी (VHG) मशीनों द्वारा जांच किया जाता है। यह सभी मशीनें आशा स्पीच एवं हियरिंग क्लीनिक में उपलब्ध है जिससे बच्चों एवं बड़ो में चक्कर आने का कारण एवं चलने में बैलेन्स बिगडने का कारण पता लगाकर इन समस्याओं का इलाज किया जाता हैं।


श्रीमती गुंजन अग्रवाल
आडियोलाजिस्ट
एण्ड स्पीच थैरेपिस्ट


Asha Speech & Hearing Clinic
Mrs Gunjan Agarwal
Audiologist and Speech Therapist
क्या आपको चक्कर आता हैं ?
क्या आपको सोकर उठते समय चक्कर आता है?
तो चिंता न करें !
हमारे पास चक्कर की जांच और उपचार के लिए आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं।
सभी चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर
Speech Therapy भाषण चिकित्सा
Occupational Therapy व्यवसायिक चिकित्सा
Physiotherapy फिजियोथेरेपी
AVT Therapy
ABA Therapy
हएवा थेरैमी
अभी संपर्क करें: मो. 9827404088
Located in: Narayan Plaza, Link Road, Bilaspur
Address: Shop No B 03, Narayan Plaza,
Link road, Srikant Verma Marg, Bilaspur, Chhtasigarh 495001



मेहता चिल्ड्रन नर्सिंग होम
एवं शिशु विकास केन्द्र
बटरफ्लाई लर्निंग (मुंबई के सहयोग से)
AI आधारित कंप्यूटर से ऑटिज्म का डायग्नोसिस (10 मिनट में)
शिशु विकास केन्द्र की सुविधाएं
AUTISM
ADHD
DYSLEXIA
स्कूल में पिछड़ापन
LEARNING DISABILITY
ABA THERAPY
SPEECH THERAPY
OCCUPATIONAL THERAPY
REMEDIAL THERAPY
SENSORY INTEGRATION
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
NICU
PICU
मिर्गी के ईलाज के लिए ईईजी एवं परामर्श
दमा के ईलाज के लिए Spriometry और विशेष परामर्श
आयुष्मान भारत योजना से नि: शुल्क ईलाज
इंडियन कॉलेज ऑफ पीडियाट्रिक्स (ICP) द्वारा प्रशिक्षित Developemental Pediatrician की देख-रेख में इलाज
डॉ. अशोक मेहता
पता: मसानगंज, चंद्रिका होटल के पास, बिलासपुर
Mob. 9981315391, 07752400656

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आदर्श पंजाबी महिला संस्था के मेले में संस्कृति, सम्मान और उत्साह का अनोखा संगम

# परंपरा निभाने मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें

**गर्मी छुट्टी में बच्चों ने गुड्डे और गुड़िया की शादी के लिए तैयारी शुरू की हैं। इसे देखते हुए कुम्हारों ने भी मिट्टी से निर्मित बारातियों का सेट तैयार किया है। राम- सीता, राधा - कृष्ण सहित डॉक्टर, वकील, किसान के रूप में गुड्डे और गुड़िया को आकर्षक स्वरूप दिया है। इसे देखकर बच्चे ही नहीं, बल्कि बड़ों का लगाव भी खरीदने में बढ़ रहा है। इसे देखते हुए दुकानदारों और कारीगरों ने भी सेट और पैकिंग में जरूरी सामग्री उपलब्ध करवाना शुरू किया है। इसे लोगों से भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा और बाजार में रौनक भी बढ़ने लगी है।**



**गुड्डे-गुड़िया खरीदने पहुंच रहे लोग, सितारों से बने मुकुट ने बढ़ाई रौनक, बच्चे निभाएंगे परंपरा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अक्षय तृतीया इस बार 20 अप्रैल को मनाई जाएगी, बच्चे अब गुड्डेड् गुड़िया की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए हैं।

इससे गोलबाजार में वैवाहिक साजो सामान बेचने वालों के पास गुड्डे- गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे हैं। इनके लिए 100 से 150 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामग्री का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता, वैसे लोग विशेष मुहूर्त में शादी का आयोजनकरते हैं।

## रंग-बिरंगे मोर मुकुट

इसके चलते मार्केट में रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखी, सितारों से बने दूल्हा और दुल्हन के लिए मोर-मुकुट भी पैकिंग का हिस्सा है। सुरेश चक्रधारी ने बताया कि अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती के चलते बाजार में रौनक बढ़ी है।

## बड़ो की तरह ही बच्चे भी निभाते हैं दायित्व

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुड्डे-गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके।

## राधा-कृष्ण व किसान के रूप में सजा गुड्डे-गुड़ियां

इस परंपरा को निभाने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे-गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी तेज की हैं। परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी लोग खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में सेठ, राधा-कृष्ण, किसान, वकील के गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए जोड़ी मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में रुचि ले रहे हैं।

**जागरूकता**

## संस्कृति संगम सेवा समिति ने की सार्वजनिक उद्यान की सफाई




**बिलासपुर।** संस्कृति संगम सेवा समिति की अध्यक्ष सुनयना नायर और सचिव श्वेता पटेल के नेतृत्व में वार्ड क्र. 33 स्थित ठाकुर देव मंदिर के सामने सार्वजनिक उद्यान की सफाई की गई। इस अभियान में समिति के सदस्यों व वार्डवासियों का विशेष योगदान रहा। समिति की अध्यक्ष सुनयना नायर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। साफ-सुथरा वातावरण बच्चों के खेलने और स्वस्थ विकास के लिए बहुत जरूरी है। स्वच्छ उद्यान से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। भविष्य में भी समिति द्वारा इस तरह के स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कचरा उठवाने में वार्ड पार्षद रंगा नादम एवं नगर निगम का सहयोग रहा। महेश मुंडा, लव वर्मा, राजेश नायर और मनोज मुंडा ने भी सहयोग किया।

**कार्यक्रम**

## भजन गाकर संत कंवर राम को किया याद



**बिलासपुर।** संत कंवरराम सेवा समिति ने अमर शहीद संत कंवर राम साहब का 141 वां अवतरण दिवस संत कंवरराम गेट वेयर हाउस रोड में हर्षोल्लास से मनाया। ऐसे महान संत का भजन गाकर सभी ने उनकी बातों का स्मरण किया और उस पर अमल कर उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रतिज्ञा की। सभी ने पुष्पांजलि देकर उनको नमन किया। कार्यक्रम के आरंभ में संत कंवरराम साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कंवरराम साहब की आरती की गई। साथ ही बताया गया कि संत कंवरराम साहब का जन्म 13 अप्रेल 1885 को सखर जिले के माथेला गांव में हुआ था। उनकी एक छोटी सी दुकान थी। जिसे छोड़कर वे सांई सतराम दास साहब के सानिध्य में प्रभु भक्ति में लीन हो गए। जीवन भर गरीबों, दीन दुखियों की सेवा करते रहे। उनकी शक्ति और प्रभु भक्ति को देखकर एक महिला अपने मृत बच्चे को लाकर संत कंवरराम साहब के गोद में दिया और कहा इसे लोरी दीजिए। संत कंवरराम साहब को ढके हुए कपड़े में दिए बच्चे को लेकर एहसास हो गया कि यह बच्चा शांत हो गया है। उन्होंने अपने गुरु का स्मरण करते हुए बच्चे को लोरी दी और भगवान से विनती की तब वह मृत बच्चा जीवित हो गया।

**धर्म-क्षेत्र**

## वरूथिनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में पूजा



**बिलासपुर।** वरूथिनी एकादशी पर शहर के श्री खाटू श्याम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान का श्रृंगार कर भोग लगाए गए। महत्ता को देखते हुए कई लोगों ने व्रत रखा। कुछ संगठनों ने गर्मी को देखते हुए प्याऊ घर भी खोला। आनंद सागर सेवा प्रवाह संस्था ने वरुथिनी एकादशी के दिन राहगीरों के लिए स्वच्छ शीतल जल उपलब्ध कराने दो स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की। आनंद सागर सेवा प्रवाह की संस्थापिका अध्यक्ष डॉ सुषमा पंड्या ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हनुमान मंदिर सरकंडा के समीप और हिम क्रीम कुल्फी गुरु विहार सरकंडा के सामने पीपल पेड़ के नीचे वैशाख माह में निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की जाती है, जो पूरे वर्ष लगातार चलते रहता है। सर्वप्रथम हनुमानजी की पूजा, आरती कर घड़े, गंगा मैया की पूजा, आरती कर जल एवं भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर एसके शर्मा, कविता शर्मा, उषा बाजपेई, नीलिमा गुलहरे, शांति लकरा, सुमिता दास गुप्ता, ज्योत्सना मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, पं. बाबूलाल पंड्या, भरत पाथखोडे, श्रीयादव, श्रीराव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

**भ्रमण**

## आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औषधीय पौधों का अध्ययन



**बिलासपुर।** शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हरिहर वृक्षारोपण परिक्षेत्र में औषधीय पौधों का अध्ययन कर भ्रमण किया। उक्त उद्यान विविध प्रकार के हजारों पेड़, पौधों से समृद्ध है। जहां सौ से अधिक औषधीय एवं दुर्लभ पौधों की पहचान कर उनके विषय में विषय विशेषज्ञ डॉ प्रभात कुमार एमडी. द्रव्य गुण ने बताया। डॉ प्रशांत निषाद भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र में रूद्राक्ष, रक्तचंदन, खैर, पारिजात, चांगेरी, रामफल, बिल्व, सरपूंखा, श्रीआंवला, निर्गुडी, नाग दमनक, घृत कर्पूरी, जारूल, अर्जुन, करवीर, सैरैयक, वन तुलसी, शिरीष, धतूरा, शीशम, वृहती, कटकारी, पुनर्नवा, तुलसी जैसे आयुर्वेद औषधीय पौधों की पहचान करवा कर उनकी उपयोगिता व महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ जीआर. चतुर्वेदी, हरिहर वृक्षारोपण परिक्षेत्र के मुख्य संरक्षक अनिल टाह के मार्गदर्शन, संयोजक भुवन वर्मा, सह संयोजक डॉ शंकर यादव के सहयोग से औषधि अध्ययन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनिल टाह मुख्य संरक्षक हरिहर ऑक्सीजोन ने अपने उदबोधन में कहा कि आज एक अच्छी पहल की शुरूआत हुई है।

# बैसाखी पर्व आज, सजा गुरुद्वारा



**बिलासपुर।** गुरु सिंह सभा दयालबंद गुरुद्वारे में मंगलवार को बैसाखी का पर्व बड़े ही श्रद्धा मनाया जाएगा। जिसमें हजूरी रागी जत्था अमृतसर दरबार साहिब वाले परविंदर सिंह कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। दयालबंद गुरुद्वारे के भाई जोबन सिंह और गुरुद्वारे के हेड ग्रंथि भाई मान सिंह कथा कर संगत को निहाल करेंगे। बैसाखी के दिन ही गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में सिख पंथ की स्थापना कर खालसा पंथ की स्थापना की और पंच प्यारे को अमृतपान करवाया और खुद भी उनसे अमृतपान कर आपे गुरु चेला के वाक्य को चरितार्थ किया। दयालबंद गुरुद्वारे में बैसाखी का पर्व श्रद्धा से मनाने के लिए प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा और पूरी कमेटी लगी हुई है,लाइट और फूलों से पूरे गुरुद्वारे को सजाया गया है। दीवान के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा और ठंडे पानी की सेवा भी की जाएगी।

# बैसाखी का रंग, भांगड़ा-गिद्धा से झूम उठा पंजाबी समाज

बैसाखी पर्व इस बार खास अंदाज में मनाया गया, जब आदर्श पंजाबी महिला संस्था ने होटल इंटरसिटी में भव्य बैसाखी दी रौनका मेले का आयोजन किया। रंग-बिरंगे परिधानों, ढोल की थाप और पारंपरिक भांगड़ा-गिद्धा की गूंज से पूरा माहौल उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम में पंजाबी समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार की खुशियों को दिल खोलकर जिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दयालबंद गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी मान सिंह बाडला ने अरदास से की। तत्पश्चात संस्था की अध्यक्ष पम्मी गुंबर के स्वागत भाषण दिया। जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके बाद संस्थापिका शशि आहूजा ने बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने पर जोर दिया। पूरे आयोजन के दौरान मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों की झड़ी लगी रही। महिलाओं और युवतियों ने गिद्धा की शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया,



वहीं पुरुषों ने भी भांगड़ा कर जोश और उमंग का माहौल बना दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी ने इस मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर समाज के उन लोगों का विशेष रूप से सम्मान किया गया, जो विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सामाजिक योगदान दे रहे हैं। दयालबंद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा और सभी पूर्व अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया। महिलाओं से लेकर पुरुषों तक सभी वर्गों के लोगों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे कार्यक्रम में गौरव और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंजीत सिंह गुम्बर का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम के स्पॉन्सर्स को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। दिल्ली से विशेष तौर से पहुंचे सिंगर दिलबाग सिंह और पंजाब की भांगड़ा-गिद्धा की टीम ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। नौ लक्की ड्रा भी निकाले गये। लजीज वयंजनो के साथ सभी ने रात्रि भोज का भी आनंद लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पम्मी गुम्बर,शशि आहूजा, श्रद्धा खंडूजा,रेशम कौर गंभीर,अंजली सलूजा, मीनू उबेजा, ज्योति खंडूजा, नीतू चावला,मीनू भोगल,लक्की चावला,अंकिता अजमानी, कृतांशा गुम्बर, सिमरन गुम्बर,संस्था की सभी पूर्व अध्यक्षों, एवं सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# काव्य गोष्ठी में बंगाल चुनाव युध्द पर कविताओं का पाठ

बिलासपुर। छंदशाला की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को नर्मदा नगर में आयोजित किया गया। गोष्ठी समसामयिक घटनाचक्र पर केंद्रित रही। जिसमें कवियों ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ किया। बंगाल चुनाव और युद्ध की विभिषिकाओं पर कवि अशोक शर्मा अद्वितीय,सुषमा पाठक, डॉ सुनीता मिश्रा और डॉ सर्वेश पाठक ने एक से बढ़कर एक कविता पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। वर्ल्ड मेरा गुलाम है,दिया कटारी भोंक ,चुनावी चटक रंग में,रंगा हुआ बंगाल और जल थल गगन में मचा हुआ बवंडर क्या है




किसके अंदर जैसी विमर्श विषयक रचनाएं आईं। तो दूसरी तरफ माटी,भ्रष्टाचार ,जीवन क्या है,नन्हे नन्हें तारे ,दाता का आभार, प्रकृति वर्णन पर गीत ग़ज़ल और कविता की बहार छाई रहीं। कामना पाण्डेय, शैलेंद्र गुप्ता,मनीषा भट्ट,मंतराम यादव, अनमोल सिन्हा,सुमन कस्तुरे,देवेंद्र शर्मा पुष्प,एस कपूर, बुधराम यादव, सरोज सिंह,आरती झा, मंजू पांडेय मौजूद रहे।

# प्रतिभा सम्मान में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बिलासपुर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय की ज्योति फैलाने का संकल्प लिया गया। समारोह में विद्यालयीन बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता में 19 बच्चों ने भाग लिया। अम्बेडकर, फुले, सावित्रीबाई फुले, छत्रपति शाहू महाराज आदि महापुरुषों के चित्र बनाए गए। निबंध प्रतियोगिता में 15 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 5 बच्चों ने अंग्रेजी में निबंध लिखा। वेशभूषा में बच्चों ने सावित्रीबाई




फुले, डॉ अम्बेडकर आदि की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किए गए। विशेष रूप से 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शेष राज हरवंश, सत्यलता मिरी, अरुणा सूर्या, सतकली बावरे, को सशक्तिकरण सम्मान प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भावपूर्ण गीतों की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

# इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट : ब्लू अंडर-16 टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंडर 14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर ने ट्रायल के बाद अंडर 16 टीम में खिलाड़ियों का चयन किया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देश पर अंडर 16 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट का आयोजन प्रदेश के अलग-अलग मैदान में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता लीग मैच के आधार पर होगी, जिसे दो दिन तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए चार ग्रुप बनाया गया है, जिसमें



बिलासपुर की टीम ग्रुप बी में है। बिलासपुर के अलावा ग्रुप में कवर्धा और रायगढ़ टीम भी शामिल है। प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के चयनकर्ताओं ने जिले की अंडर 16 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल लिया। इस चयन ट्रायल में 172 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 64 खिलाड़ियों का कैंप और सलेक्शन मैच कराया गया। इसमें चयनकर्ता आकाश सिंह, सुशांत शुक्ला, अभिनव शर्मा ने फिजिकल फिटनेस, बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण सभी को देखते हुए टीम में खिलाड़ियों का चयन किया है। चयनित खिलाड़ियों में हर्षित देवांगन, शाश्वत नायर, विहान सिंह कंवर, मनन ठक्कर, अक्षत तिड़के, युवराज रोहरा, सिद्धार्थ शर्मा, राजवंश भाटिया, अलंकृत साहू, सैय्यद जैस शालिम, शिवम सिंगरौल, शौर्य केंवट, आर्यन गुप्ता, वरदान सोनी, स्वस्तिक तिवारी, युवराज सजवानी, शाश्वत मिश्रा, शौर्य सिंह राजपूत शामिल हैं। बिलासपुर की टीम अपने सभी मैच कवर्धा के मैदान में खेलेगी। पहला मैच 14 व 15 अप्रैल को रायगढ़ के साथ और दूसरा मैच कवर्धा के साथ 17 व 18 अप्रैल को खेला जाएगा।

# रेलवे में वार्षिक खेल समारोह की शुरुआत

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल खेल संघ के तत्वावधान में वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वर्ष भर विभिन्न खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के अलावा ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं खेल अधिकारी दिलीप सिंह थे। दीपक गुप्ता ने कहा कि खेल गतिविधियों किसी भी संगठन की ऊर्जा और सकारात्मकता का आधार होती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी न केवल मंडल स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रेलवे का नाम रौशन कर रहे हैं। स्पोर्टस अफसर दिलीप सिंह ने कहा कि खेलों से कर्मचारियों में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का विकास होता है, जो कार्यस्थल पर बेहतर प्रदर्शन में सहायक सिद्ध होता है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेलवे के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कर्मचारियों में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

## खबर संक्षेप

### सेन जयंती पर प्रदेश स्तरीय विशाल शोभायात्रा और सभा आज

**बिलासपुर।** श्री श्री 1008 श्री संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व सेन समाज एवं संभागीय श्रीवास समाज के संयुक्त तत्वावधान में 14 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा और सभा का आयोजन रखा गया है। संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास ने बताया कि उक्त शोभायात्रा दोपहर 12 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होगा। इसका नेतृत्व सर्वसेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास करेंगे। गांधी चौक से शोभायात्रा प्रारंभ होकर जूना बिलासपुर, सिटी कोतवाली, मानसरोवर चौक सदर बाजार, गोल बाजार देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक मुंगेली नाका चौक होते हुए मंगला चौक स्थित श्रीवास धर्मशाला पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। इस शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी। शोभायात्रा में पूरे प्रदेश के सेन समाज के लोग शामिल होंगे। श्रीवास समाज में आयोजित सभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ जिले के विधायक, सांसदों का उद्बोधन भी होगा।

### अंबेडकर जयंती पर जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आज

**बिलासपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ग्राम सभाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए एजेंडा भी निर्धारित है। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 14 अप्रैल को होने वाली ग्राम सभाओं में पूर्व ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।

### भगवान नृसिंह नाथ देव मंदिर में जन्मोत्सव की तैयारी बैठक 16 को

**बिलासपुर।** ग्राम हांफा स्थित सिद्ध बघर्रा पाठ भगवान नृसिंह नाथ देव मंदिर में भगवान नृसिंह का प्राकट्य दिवस (जन्मोत्सव) 30 अप्रैल को मनाया



जाएगा। इसकी तैयारी बैठक 16 अप्रैल को मंदिर परिसर में होगी। मंदिर के आचार्य धनेश उपाध्याय ने बताया कि 30 अप्रैल को भगवान विष्णु के चौथे अवतार भगवान नृसिंह देव का प्राकट्य दिवस मनाया जाएगा। यह दिन ग्राम हांफा के इष्ट देव भगवान बघर्रा पाठ नृसिंह देव के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा, पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक गुरुवार 16 अप्रैल को शाम 6 बजे मंदिर परिसर में होगी। जिसमें आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आचार्य उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग देने का अनुरोध किया है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर के पहले दिन 100 से अधिक पत्रकारों ने लिया लाभ



**बिलासपुर।** पत्रकारों की व्यस्त और अनियमित दिनचर्या को देखते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब एवं ग्राम विकास गतिविधि आरोग्य संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क पंचतत्व एवं एक्यूपंचर चिकित्सा शिविर को पहले ही दिन शानदार प्रतिसाद मिला। शिविर में 100 से अधिक पत्रकारों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का आयोजन राघवेंद्र राव सभा भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष तिलक राज सलूजा, वीरेन्द्र गहवई सहित वर्तमान अध्यक्ष अजीत मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने वालों में अध्यक्ष अजीत मिश्रा, रमन दुबे, नीरज धर दीवान, निर्मल मणिक, दिलीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल रहे। शिविर में पंचतत्व चिकित्सा के माध्यम से शरीर के पांच तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को संतुलित कर रोगों का इलाज किया जा रहा है, साथ ही एक्यूपंचर तकनीक से भी मरीजों को राहत दी जा रही है। विशेषज्ञों की टीम में पंचतत्व चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र यादव एवं एक्यूपंचर विशेषज्ञ डॉ. अवंतिका अग्रवाल, डॉ. अर्चना अग्रवाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी



**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अग्रवाल ने जिले में संचालित जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सरकंडा स्थित स्वामी आत्मानंद पंडित रामदुलारे बालक विद्यालय एवं लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेण्डरी स्कूल शनिचरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उपस्थित कर्मियों की सहभागिता तथा दिए जा रहे विषय-वस्तु की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे जनगणना कर्मचारी अगर अनुपस्थित होते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।





### कोतवाली चौक पर लगा जाम, ट्रैफिक पुलिस नदारद

**बिलासपुर।** सोमवार को कोतवाली चौक पर ट्रैफिक जाम हो गया, यहां पर एक भी ट्रैफिक पुलिस का जवान नहीं था, इससे हर तरफ से आने वाले लोगों की भीड़ लग गई। दोपहिया और चार पहिया वाहनों के आने से सिटी कोतवाली चौक से लेकर जूना बिलासपुर, तेलीपारा रोड, गोलबाजार, शनिचरी मार्ग की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग परेशान होते रहे, इसके बाद भी यहां पर एक भी ट्रैफिक पुलिस का जवान नहीं पहुंचा। चारों तरफ शोरगुल हो रहा था। लोग आपस में ही ट्रैफिक हटाने को लेकर विवाद करने लगे। घंटों जाम होने से खरीददारी करने पहुंचे लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

### फिजियोथैरेपी व नर्सिंग कालेज के लिए भी बनानी है बिल्डिंग

# सुपर स्पेशलिटी व कैंसर अस्पताल ने छीना सिम्स का हक, अब 8 एकड़ जमीन की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में मेडिकल हब तैयार हो रहा है, लेकिन सुपर स्पेशिलिटी और कैंसर अस्पताल में सिम्स के करीब 10 एकड़ जमीन जाने के बाद आरक्षित साढ़े 44 एकड़ मे सिम्स मेडिकल कालेज बनाना मुश्किल हो चुका है। ऐसे में सिम्स प्रबंधन ने सरकार से अतिरिक्त 8 एकड़ जमीन की मांग की है। जिसके बाद जी-14 सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल बनाया जा सकेगा। हाल ही में उच्च अधिकारियों ने कोनी स्थित आबंटित जमीन का निरीक्षण कर सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति को जमीन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है।

■ मेडिकल हब के लिए आबंटित है 44.58 एकड़ जमीन

संभाग का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) के लिए नवीन बिल्डिंग तैयार करने में जमीन का रोड़ा आगे आ चुका है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए 3 एकड़ जमीन और कैसर अस्पताल के लिए 2.5 एकड़ जमीन, आयुर्वेदिक कालेज 5 एकड़ जमीन पहले ही दी जा चुकी है। इसके साथ ही नवीन संरचना के लिए अब जमीन की जरूरत आ चुकी है। बताया जा रहा है कि एनएमसी की गाइड लाइन के अनुसार मेडिकल कालेज के साथ ही फिजियोथैरेपी और नर्सिंग कालेज की स्थापना सिम्स में होगी। इसके साथ ही हास्टल की व्यवस्था की जानी है। बताया जा रहा है कि मार्च2024 में अस्पताल व मेडिकल कालेज के लिए 700 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया था, जिसका सेंशन मिल चुका है लेकिन सीजीएमएससी ने जी 10 फ्लोर बिल्डिंग के लिए स्वीकृति की मांग की है, लेकिन अबतक फाइल ठंडे बस्ते है। वहीं जमीन का अड़गा सामने आने के बाद सिम्स मेडिकल कालेज बनाने में अचरने आना तय है।



#### अधिकारियों के निवास और हास्टल भी

सिम्स मेडिकल कालेज कोनी में बनने के बाद तमाम चिकित्सा संसाधन वहां मौजूद होगें। एक ही परिसर में गंभीर से गंभीर मरीज का इलाज संभव हो सकेगा। 2000 बेड के अस्पताल और 250 प्रवेश क्षमता के मेडिकल कालेज बनाए जाना है। इसके साथ ही रेसीडेंट हास्टल, एसआर डाक्टर हास्टल, मेडिकल सुपरिटेंड कार्यालय व निवास, डीन कार्यालय व निवास अलग से बनाया जाना है। ऐसे में जमीन की कमी बनी हुई है। सिम्स में बढ़ते ओपीडी और आईपीडी की संख्या को देखते हुए सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल का विस्तार करना जरूरी हो चुका है।

#### शासन को पत्र भेजा गया है

हाल ही में अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। हमने अपनी सभी बातों को उनके सामने रखा है, उनके निर्देश पर ही नवीन जमीन आबंटन के लिए पत्र शासन को भेजा गया है। नर्सिंग और फिजियो थैरेपी कालेज बनने के कारण जमीन की कमी होगी।

**-रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

### बीपीएस में दो दिवसीय करियर कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई द्वारा विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय करियर कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित पैनल वक्ता गौरव अग्रवाल, अर्चित ओझा, सुश्री सना तमकीन, हंजाला अली एवं समीर मेमन-ने अपने विचार साझा किए। इसका शुभारंभ निदेशक-प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता के स्वागत भाषण से हुआ, जिन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा भविष्य के लिए सही करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया।

कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न करियर मार्गों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने वाणिज्य, वित्त एवं उभरते क्षेत्रों से संबंधित व्यावहारिक जानकारी साझा की। करियर मैपिंग एवं रिज्यूमे निर्माण जैसी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों पर विचार करने का अवसर प्रदान किया। साथ ही साइबर सुरक्षा एवं प्रोफेशनल नेटवर्किंग जैसे आधुनिक करियर विकल्पों पर विशेष जोर दिया गया। दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा संचालित किए गए, जिन्होंने विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी, रक्षा सेवाओं एवं उद्यमिता जैसे विभिन्न करियर क्षेत्रों पर प्रस्तुति दी। इस पहल ने छोटे विद्यार्थियों के लिए सहज वातावरण तैयार किया, जिससे वे खुलकर प्रश्न पूछ सके और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सके।

एजुकेशन प्लस

विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने व सफलता प्राप्त करने के लिए तैयारी करने का उत्तम समय बताया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र एवं विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के लिए परामर्श सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। यह कार्यक्रम उप-प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मन, समन्वयक श्रुति देशपांडे के कुशल मार्गदर्शन में सफल रहा।

# सड़क घेरकर रील बनाने वाले दो दर्जन युवक, कार्रवाई मात्र 7 पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क घेरकर रील बनाते वीड़ियो में दो दर्जन से अधिक बाइक सवार नजर रहे हैं। पुलिस ने मात्र 7 युवकों को पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लिया है।

लालखदान ओवर ब्रिज के नीचे दो दर्जन से अधिक युवक बाइक में सवार होकर सड़क जाम कर वीडियो बनाते हुए रील बनाया गया। इस दौरान लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। युवकों ने रील बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। 13 अप्रैल के अंक में हरिभूमि ने सड़क घेरकर रील बनाने वाले युवकों की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने खबर को संज्ञान में लेकर तोरवा पुलिस को सड़क घेरकर रील बनाने वाले युवकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने आदेश दिया गया। मजेदार बात यह है कि तोरवा पुलिस ने मात्र 7 युवक लालखदान निवासी माधव साहू पिता अभय राम साहू, पुष्पेंद्र चौबे पिता भुपेन्द्र चौबे, गोविंदा विश्वकर्मा पिता प्रमोद विश्वकर्मा, गोविंदा पासी पिता विनोद पासी, लव कश्यप पिता संतोष कश्यप व मस्तूरी टिकारी निवासी प्रदीप सोनवानी साहेब लाल सोनवानी, पचपेड़ी खपरी निवासी ताराचंद कुर्रे पिता रहसलाल कुर्रे को पकड़कर उनसे 7 बाइक जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर बनाई रील, सोशल मीडिया में किया वायरल



बिलासपुर। युवकों के हुजूम ने बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर रील बनाया और उसे सोशल मीडिया वायरल कर दिया।

आरक्षक पर हुई थी कार्रवाई

कार्रवाई की जाएगी

#### हाईकोर्ट की फटकार के बाद सभी गाड़ी हुई थी जब्त

पूर्व में रतनपुर मार्ग में 6 नई फार्चूनर कार से सड़क ब्लाक कर रील बनाकर वीड़ियो वायरल किया गया था। वीड़ियो वायरल होने पर एक दो गाड़ी जब्त कर खानापूर्ति कर लिया गया था। हाईकोर्ट की फटकार के बाद सभी गाड़ियों को जब्त कर कार्रवाई की गई थी। इसी तरह मस्तूरी रोड में चार पहिया वाहन से काफिला निकालते हुए रील बनाकर वायरल किया गया था। उसमें भी हाईकोर्ट के नाराजगी के बाद सभी वाहन जब्त किए गए थे।

### अब थानों में लिखित शिकायत नहीं सीधे एफआईआर दर्ज होगी

**बिलासपुर।** आईजी ने थानों में लिखित शिकायत नहीं लेने व सीधे एफआईआर दर्ज करने व विशेष परिस्थिति में सुपरविजन अधिकारी, सीएसपी, एसडीओपी से परमिशन लेकर शिकायत लेकर 14 दिन के भीतर निराकरण करने का आदेश जारी किया है।

आईजी रामगोपाल गर्ग ने पिछले दिनों सकरी थाना क्षेत्र 60 से 70 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी होने की लिखित शिकायत लेकर जांच करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए नया फरमान जारी किया है। अब थाने में पीड़ितों से किसी भी मामले में लिखित शिकायत नहीं लिया जाएगा। पीड़ित से शिकायत सुनने के बाद तत्काल एफआईआर दर्ज करने। एफआईआर की श्रेणी में नहीं आने पर पीड़ित को फैना देने व विशेष परिस्थिति में शिकायत की जांच के बाद कार्रवाई की आवश्यकता होने पर सुपर विजन अधिकारी सीएसपी, एसडीओपी से परमिशन लेने के बाद शिकायत की 14 दिन के भीतर निराकरण करने का आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व थाना चौकी में लूट, चोरी, धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर अपराध होने पर पीड़ितों से लिखित शिकायत लेकर वरिष्ठ आरक्षकों से जांच कराई जा रही थी। जबकि वरिष्ठ आरक्षकों को गंभीर मामले की जांच करने अधिकार नहीं है। नियम विरूद्ध थानेदार वरिष्ठ आरक्षकों से गंभीर मामलों की शिकायत जांच करा रहे थे।

■ सकरी थाने में70 लाख के सोने के चोरी की शिकायत जांच पर जताई नाराजगी

### मार्क हॉस्पिटल में सुपर-स्पेशलिटी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं की शुरुआत




**बिलासपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए मार्क हॉस्पिटल ने अब सुपर-स्पेशलिटी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की शुरुआत की है। इस विभाग का नेतृत्व अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. मनीष नायक द्वारा किया जाएगा, जिससे अब बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उच्च स्तरीय पाचन तंत्र से संबंधित उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगा।

इस नई सुविधा के साथ अस्पताल में अब अत्याधुनिक एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं, जो पेट, आंत एवं लीवर से जुड़ी बीमारियों के सटीक निदान एवं उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं।डॉ. नायक द्वारा पेट दर्द, पैंक्रियाटाइटिस, लीवर सिरोसिस, एसाइटिस, लीवर फेल्योर सहित विभिन्न जटिल गैस्ट्रो एवं हेपेटोबिलियरी रोगों का उन्नत तकनीकों से उपचार किया जाएगा। इस सुविधा से अब मरीजों को बड़े महानगरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उल्लेखनीय

हेल्थ प्लस

है कि मार्क हॉस्पिटल में पहले से ही लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन विधि) सर्जरी द्वारा गॉलब्लैडर स्टोन (पित्त की पथरी) का सफल एवं सुरक्षित उपचार किया जा रहा है।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं के जुड़ने से अब पाचन तंत्र से संबंधित सम्पूर्ण एवं समन्वित उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो गया है। अस्पताल प्रबंधन ने इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि मार्क हॉस्पिटल का उद्देश्य हमेशा से ही अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना रहा है।

### एसएसपी ने विद्यार्थियों को बताई पुलिस की विभागीय कार्यप्रणाली



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

पुलिस की विभागीय कार्य प्रणालियों के संबंध में अवगत कराया गया। शहीद विनोद चौबे चौक पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर यातायात नियमों की जानकारियां दी गई। यातायात पुलिस द्वारा किस प्रकार से जिले में सरल, सुगम, सुचारू एवं सुरक्षित आवागमन के लिए ट्रैफिक पुलिस एवं तकनीकी संससाधनो के माध्यम से कार्रवाई की जाती है एवं उसकी क्या-क्या प्रणालियाँ हैं बताया गया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन एवं उपेक्षा पर किस तरीके से चलानी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है इस संबंध में धाराओं का उल्लेख करते हुए छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की व्यापक समझ विकसित करने यातायात में उपयोग होने वाली समस्त तकनीकी एवं उपयोग के बारे में बताया गया। सीसीटीवी कैमरा एवं उसके माध्यम से चालान आदि समस्त संसाधनों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराते हुए उन्हें यातायात के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को जिले में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के तहत संचालित आई टी एम एस के बारे में कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के ऑपरेटिंग सिस्टम की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने एसएसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में आम जनता को ऑनलाइन यातायात नियमों के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण मधुलिका सिंह,एएसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे, एएसपी शहर पंकज पटेल, सीएसपी कोतवाली निमितेश सिंह, टी आई अनन्त, आदि मौजूद थे।

### भारतीय वायु सेना के अफसरों एवं जवानों के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

# सीवीआरयू और इंडियन एयर फोर्स के बीच एमओयू

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय और इंडियन एयर फोर्स के बीच शिक्षा, शोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस का उद्देश्य भारतीय वायु सेना के अधिकारियों एवं जवानों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, शहीद परिवारों की पत्नियों एवं बच्चों को निःशुल्क एवं अधिकतम शुल्क छूट के साथ उच्च शिक्षा प्रदान करना तथा सेवानिवृत्ति अग्निवीर युवाओं को भी विशेष शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत दोनों संस्थान शोध, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग करेंगे, जिससे भारतीय वायु सेना से जुड़े कार्मिकों को आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान से जोड़ने में सहायता मिलेगी। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना की ओर से एयर वाइस मार्शल एस. सी. सिदाना वीएसएम एवं विश्वविद्यालय की ओर से कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि यह एमओयू हमारे लिए गर्व का विषय है। डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय सदैव राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता रहा है। भारतीय वायु सेना के वीर जवानों एवं उनके परिवारों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना हमारा नैतिक दायित्व है। एयर वाइस मार्शल एस. सी. सिदाना ने कहा कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के साथ यह समझौता हमारे जवानों के बच्चों और शहीद परिवारों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करेगा। यह सहयोग शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में एक मजबूत कदम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा यह समझौता शिक्षा और राष्ट्र सेवा के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करेगा। विश्वविद्यालय की ओर से आईसेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ अभिषेक पंडित ने कहा कि आईसेक्ट ग्रुप के अलग-अलग राज्यों में छह विश्वविद्यालय संचालित हैं। सभी विश्वविद्यालयों में भारतीय वायु सेना से हम एम ओ यु करने के लिए प्रयास किया जाएगा । यह हमारे पूरे ग्रुप के लिए गौरव की बात होगी। इस अवसर पर डॉ आशीष पांडे इंडियन एयर फोर्स की ओर से ग्रुप कैप्टन मोनिका बिजलानी, विंग कमांडर अलका चौधरी नैन, विंग कमांडर सर्वेश मिश्रा और सतीश कुमार शामिल हुए।



## खबर संक्षेप



### लखराम में बह रही है रामभक्ति की धारा

**लखराम।** ग्राम लखराम में इन दिनों नवधा रामायण के माध्यम से भक्ति की धारा में रोज सैकड़ों रामभक्त डुबकी लगा रहे हैं। रामायण में केवल अंचल के ही नहीं अन्य जिलों से भी गायक, वादक लोग अधिकाधिक संख्या में रोज आ रहे हैं। पूरा गांव रामकथा सुनने का अवसर पाकर अपने आप को धन्य मान रहे हैं। पांचवें दिन तक 135 मानस टोलियों ने अपनी प्रस्तुति दी है। ग्रामवासी अतिथि सेवा का कर्तव्य निभा रहे हैं।

### हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**तखतपुर।** हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि जरौंधा के दैहान में प्रफुल पाण्डेय उर्फ छोटू एक लोहे का धारदार चाकू लहरा रहा था और लोगों को डरा रहा था सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचीं और आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त करते हुए उसके खिलाफ आयुध अधिनियम 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया है।

## निधन

### सुरेश कुमार श्रीवास



**बिलासपुर।** कपिल नगर निवासी 54 वर्षीय सुरेश कुमार श्रीवास का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा में किया जाएगा। वे पन्ना लाल श्रीवास के पुत्र, एकांश एवं ओम श्रीवास के पिता थे।

### देवानंद दुबे



**बिलासपुर।** पुराना सरकंडा निवासी देवानंद दुबे पिता स्व. रमाशंकर दुबे का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विद्यानंद दुबे, दयानंद दुबे के भाई एवं दिव्यांशु और दिव्यानी दुबे के पिता थे।

### अश्विनी कुमार सूद



**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत 25 बंगला निवासी अश्विनी कुमार सूद का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे माधवेंद्र सूद के पिता व टिम्मी सूद के भाई थे।

### नन्हे लाल चंदा बहेश



**तखतपुर।** नगर पालिका के सफाई कर्मी वार्ड क्रमांक 9 निवासी नन्हे लाल चंदा बहेश 59 वर्ष का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे योगेश के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री ने कोसमतरा, घानाघाट जूनापानी व हरनाचाका में लगाई चौपाल

# भाजपा शासन में गांवों में बुनियादी सुविधाओं का हो रहा विस्तार: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने भाजपा के गांव बस्ती चलो अभियान के तहत क्षेत्र के गांवों में विकास, संवाद और समाधान के लिए जनचौपाल लगाई। श्री साव ने कोसमतरा, घानाघाट, जूनापानी और हरनाचाका गांव में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। जनचौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसका उन्होंने समाधान किया और कुछ आवेदनों के लिए अधिकारियों को निर्देश किए।

उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गांव के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और स्थानीय आवश्यकताओं को समझते हुए विकास कार्य करने का आश्वासन दिया। श्री साव ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करें। सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रयास करना चाहिए तभी स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि लोरमी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी हैं। सड़कों का निर्माण तेजी से हो रहा है और गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में पूरा क्षेत्र विकास की दिशा में और तेज गति से आगे बढ़े, इसके लिए सभी को जागरूक होकर भागीदारी निभानी होगी।



### मोदी की गारंटी को किया पूरा

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि साय सरकार ने पीएम मोदी की एक एक गारंटी को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी हो गई है। वहीं महतारी वंदन योजना का लगभग 68.48 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है। अब तक 26 किश्त खाते में जारी हुई है। उन्होंने कहा कि, एक हजार रुपए में से पांच सौ रूपये बच्चों की भविष्य के लिए बचा कर रखना है। ताकि पढ़ाई लिखाई अच्छे से हो सके। उन्होंने कहा कि, किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, साथ ही दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किया गया है और भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, सभापति रत्ना काटले, सभापति अनिता साहू, कोमल गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विक्रम सिंह, विनय साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, प्रदीप साहू, संदीप सोनी, विकास केशरवानी, संतोष साहू, महाजन जायसवाल, महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, तामेश्वर साहू, उत्तम साहू, जिला मंत्री पीयूष साहू, पंकज सिंह, ललित राजपूत, बाबूराम साहू, विजय निषाद, अमित बैस, सुधांशु सिंह, दुष्यंत खत्री, सुमन धीवर, हरिकृष्णा कश्यप, गौतम निषाद, बलराम साहू, ईश्वर पाली, करण ठाकुर, रामप्रसाद साहू, सरपंच, पंच, बीजेपी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## सशक्त गांव से ही होगा समृद्ध भारत का निर्माण: धरमलाल

**बोदरी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम मोहदा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा के अंत्योदय के सिद्धांत को सार्थक करने के लिए ₹गांव एवं बस्ती चलो अभियान₹ के निमित देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित क्षेत्र के अपने ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही, ग्रामीणों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी का यह अभियान सामाजिक समरसता, सहभागिता एवं जन-जन के बीच सशक्त संवाद की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला है। साथ ही यह प्रकल्प समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है।

■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने मोहदा में ग्रामीणों से किया संवाद

उन्होंने कहा कि "गांव चलो अभियान के माध्यम से हम सभी मिलकर गांव-गांव तक संगठन की मजबूती और विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। हमारी सरकार का संकल्प है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शत-प्रतिशत पहुंचे। उन्होने कहा कि कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के 46 वर्ष पूरे हुए हैं और आज भाजपा अपना 47 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी में असंख्य कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रथम मानकर पार्टी में काम किये और आज यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमें इस बात का गौरव है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। जिनका लक्ष्य देश और राज्य के विकास के लिए निरंतर काम करना है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पूरे विश्व में भारत देश की अलग पहचान बनाना है।

**तिफरा मंडल में चला बस्ती चलो अभियान -** भारतीय जनता पार्टी का बस्ती चलो अभियान के तहत तिफरा मंडल के अंतर्गत सिरगिट्टी, बन्नाकडीह, कोरमी, बसिया, सिलपहरी, पोड़ी एवं हरदीकला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा जनता के बीच जाकर उनकी सेवा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, मनोज कौशिक, राजू दास मानिकपुरी, रामगोपाल यादव, शिवा धुरी, विष्णु साहू, रमन कौशिक, दिनेश कौशिक, योगेश कौशिक सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## शिव मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**बिलासपुर।** ग्राम पाली बूटेना में नव-निर्मित शिव मंदिर का विधि-विधान से उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पूरे गांव हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर मुख्य यजमान राजकुमार कैवर्त एवं पार्वती कैवर्त के नेतृत्व में विधिवत पूजन एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ यज्ञ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक (जल अर्पण) कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी भक्तों ने मिलकर भक्ति भाव से महाआरती की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी के लिए भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## झिरिया में वनरक्षकों से मारपीट मामला ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की

**लोरमी।** अवैध उत्खनन कर वनरक्षकों से बेरहमी से मारपीट मामले में पुलिस ने दो ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में झिरिया के लोगों ने मामले में निष्पक्ष जांच को लेकर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी के नाम अलग-अलग स्थानीय कार्यालयों में पहुंचकर ज्ञापन सौपा है।

ग्रामीणों ने कहा है कि घटना 10 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम में 117-आवास स्वीकृत हुआ है, उन्ही आवास बनाने हेतु रेत ला रहे थे, बीट प्रभारी को पूछकर रेत ला रहे थे, किन्तु घटना के दिन अन्य वन क्षेत्र के बीट गार्डो के द्वारा उनके ट्रेक्टर को रोका गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के बीट गार्ड नेताम से पूछकर रेत परिवहन करने गए थे। अन्य बीट गार्डो के द्वारा दो लाख की मांग करने बड़ा आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस बात पर वहां विवाद की स्थिति निर्मित हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, गार्डो ने नशे के हालत में महिलाओं एवं ग्रामीणों से गाली गलौच कर मारपीट की। ग्रामीणों ने उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कर बीट गार्डो पर कार्रवाई की करने की मांग की है। वनविभाग एसडीओ दशांश सूर्यवंशी ने कहा कि ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। डीएफओ के निर्देश पर जांच समिति गठित कर जांच में तथ्य सामने आएगा, उस पर कार्रवाई होगी। इस अवसर पर मनीष त्रिपाठी, रामस्वरूप श्याम, दुर्गेश, ओमप्रकाश सवाना बाई बैगा, रोशनी, कुन्ती बाई बैगा, राधा, रजनी, राधा, अमोला, परमेश्वर, करीना जोनिया, कर्माहीन, फुलवरीया, सवनी, समात, राजकुमारी, राजमली ठगईया, संतोषी, जेठु गेंदराम, खेलु गोंड, लामी-बहि ध्रुव, रानी यादव, रजनी यादव, ललित यादव, सुरतम्ती, रईती, बुधवारा, चैती, शुकरी, हीमा, लोहरी, सुखीराम, ओम प्रकाश ,दुर्गेश, बुधराम, सुकता, ,खेदुराम, सतलु ,राजकुमार ,पलधुरिया, सन्लराम, चेतराम, गोंडुराम, तिहार सहित अन्य शामिल थे।



### हो रही है जांच

मामले में पहले से ही अपराध कायम है। जिसमें पुलिस कार्रवाई कर रही है। मामले में जांच के बाद ही कुछ निष्कर्ष में पहुंचा जा सकता है।

**-हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

## मस्तूरी चिरायु टीम ने बचाई मासूम की जिंदगी

**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ में चिरायु के नाम से प्रसिद्ध आरबीएसके टीम के सहयोग से एक बार फिर एक गरीब परिवार के बच्चे को नया जीवन मिला है। ब्लाक के मस्तूरी चिरायु टीम पिछले कई वर्षो से लगातार स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 सप्ताह से 18 वर्ष तक के बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। इसी क्रम में सीपत क्षेत्र के ग्राम नरगोड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में 11 माह के एक बच्चे ध्रुवेश पुरी पिता नरेंद्र पुरी, माता ज्योति पुरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान बच्चा जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाया गया।

चिरायु टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को जिला अस्पताल में रेफर किया और स्वयं चिरायु वाहन से अस्पताल पहुंचाया। एम्स रायपुर एवं श्रीसत्या सांई अस्पताल रायपुर में भी दिखाया गया। सभी रिपोर्ट्स को दिल्ली एम्स, अपोलो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल चेन्नई सहित विभिन्न उच्च स्तरीय अस्पतालों में भेजा गया। अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पिटल चेन्नई के डॉक्टरों ने रिपोर्ट का अध्ययन कर बच्चे के ओपन हार्ट सर्जरी की सहमति दी। टीम के सहयोग से 23 मार्च को बच्चे को चेन्नई भेजा गया। 25 मार्च को अस्पताल में भर्ती किया गया और 1 अप्रैल को सफल ओपन हार्ट सर्जरी की गई। आज बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। इस पूरे कार्य में चिरायु नोडल डॉक्टर डॉ. सौरभ शर्मा, बिलासपुर सीएमएचओ डॉ शुभ्रा गरेवाल,मस्तूरी बीएमओ डॉ अनिल कुमार, बीपीएम भूपेंद्र देवांगन एवं पूरी चिरायु टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चे के माता-पिता ने डा मनिष सिंह, डा सोनम, धरम भार्गव, पूर्णिमा सहित स्वास्थ्य विभाग, चिरायु टीम एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## मिट्टी की दीवार ढही, दबकर मासूम की मौत



**तखतपुर।** घर की मिट्टी की दीवार गिर जाने से 11 वर्षीय मासूम की दबकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने सूचना पर शव का पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार केकती निवासी बल्दाऊ कश्यप का 11 वर्षीय पुत्र महेंद्र कुमार कश्यप 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तालाब से नहा कर आ रहा था और जब घर में प्रवेश किया तो घर में मिट्टी से बनी दीवार बच्चे के ऊपर गिर गई और बच्चा उसमें दब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने मिट्टी हटाने का बहुत प्रयास किया पर जब तक मिट्टी हटा पाते बच्चें की मृत्यु हो गई थी। बच्चें की मृत्यु से बच्चें की मां, पिता और भाई एवं परिजनों सदमे में है और उन्हें यह समझ नही आ रहा है जो बच्चा नहाने गया था आकर वह भोजन करता परंतु वह अनहोनी का शिकार हो गया। घटना की सूचना थाने में दी गई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टर्मार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

## एडीआरएम पहुंचे कोरबा, कोल साइडिंग का किया निरीक्षण

**कोरबा।** रेलवे डीआरएम के प्रतिनिधि के रुप में पहुंचे एडीआरएम के. श्रीनिवास ने एसईसीएल के कोल साइडिंग के निरीक्षण के साथ स्टेशन परिसर और रनिंग रुम का भी निरीक्षण किया। कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन से भी लंबी चर्चा की। इस दौरान कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन के कार्ययोजना की भी जानकारी ली गई। एडीआरएम के. श्रीनिवास अपने कोरबा प्रवास के दौरान रविवार देर शाम पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। सोमवार सुबह एडीआरएम के. श्रीनिवास निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और कार्यों में गति लाने के संबंध में निर्देश दिए एवं निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी बिंदुओं को गंभीरता से लेने को कहा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/सीमांकन/रा0नि0/2026
दिनांक : 08/04/2026

आवेदक स्मिता कायरकर आवेदक के बताये अनुसार सभीपस्थ भूमि स्वामी 1. बारेलाल 2. नजरलाल 3. अन्य सर्व संबंधित।
**विषय:** सीमांकन के संबंध में।
**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार / अति0 तहसीलदार/ ना0तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क .तह0/अति0तह0/ना0तह0/वा0/2026 बिलासपुर दिनांक 19/03/2026

ग्राम दोमुहानी प0ह0नं0 43 रा0नि0मं0 सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख0नं0 185/8 रकबा 2380 व.फु......हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका स्मिता कायरकर पि./प. रामचन्द कायरकर निवासी टिकरापारा जिला-बिलासपुर के द्वारा छ0ग0 भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति0तह0 / ना0 तह0 बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 22/04/26 को समय 10 बजे से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**टीप:-** अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सिरगिटटी**
**तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं अक्षत अग्रवाल आयु 25 वर्ष पिता श्री संजय अग्रवाल, निवासी-बालाराम अग्रवाल मार्ग, जूनी लाईन बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक कराता हूं कि :-
1. यह कि मै उपर वर्णित नाम एवं पते का मूल निवासी हूं।
2. यह कि मेरे कक्षा 10वीं के शैक्षणिक मूल अंकसूची पर मेरा नाम-अक्षत अग्रवाल पिता श्री संजय श्याम अग्रवाल अंकित है, जो कि सत्य व सही हैं।
3. यह कि मेरे कक्षा 12वीं एवं स्नातक प्रमाण पत्रों पर मेरा नाम अक्षत अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल दर्ज है।
4. यह कि मेरे पिता जी के दर्ज दोनों नाम संजय श्याम अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता जी का ही नाम होने हेतु यह शपथपत्र अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया हूं।

**शपथकर्ता- अक्षत अग्रवाल**

**सत्यापन**
मैं अक्षत अग्रवाल उपरोक्त शपथ पत्र में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

**शपथकर्ता- अक्षत अग्रवाल**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ATAL VIHAR YOJANA CHILHATI में स्थित MIG Ind संपत्ति क्रमांक-8, TARA CHAND RATNAKAR पिता/पति S/O SHRI S.P. RATNAKAR के नाम से भाड़ाक्रय/स्वविति्य /ऑफर आधार पर आबंटित है, उक्त आबंटी द्वारा उक्त संपत्ति की सेलडीड/अनुबंध दिनांक 26/05/2017 पंजीकृत कराने के उपरांत संपत्ति की पूर्ण राशि जमा कर कार्यालय द्वारा आधिपत्य/नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी TARA CHAND RATNAKAR पिता/पति S/O SHRI S.P. RATNAKAR निवासी-MIG Ind-8, QTR.NO. G-02 GOVT. COLONY KOHARIYA DISTT. KORBA C.G. के द्वारा उक्त संपत्ति को क्रेता (1) Prem Lata Ratnakar पिता/पति Tarachand Ratnakar निवासी c/o Tarachand Ratnakar, House No. JR MIG-08, Atal Vihar Avasiya Parishar, Chilhati, Chilhati, Bilaspur , Chhattisgarh -495006 को गिफ्ट/दान करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अतः उक्त संपत्ति के दान विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026

ग्राम **ढेका** के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम ढेका प0ह0न0 44 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर **160/3 रकबा 0.05 हे0** भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदिका **श्रीमती सरस्वती कश्यप पति स्व. गणेश प्रसाद कश्यप निवासी मगरपारा रोड राजा नर्सरी के सामने इन्दु चौक जरहाभाठा बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़** के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/04/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 06/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026

ग्राम **मोपका** के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम मोपका प0ह0न0 29 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2246/10 **रकबा 0.024 हे.** भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक **श्री योगेश कुमार आदित्य पिता पिसरान रामखिलावन आदित्य निवासी रानी दुर्गा वार्ड नं0 12 बलौदा** तहसील-बलौदा जिला-जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/04/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 06/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर छत्तीसगढ़**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026
**संदर्भ:** जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00025 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **CT202526400106300120**
**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी कांति साहू जानकी साहू गौरी साहू पिता/पति-मुखीराम पता-सा देह दसरी बाई पिता/पति-मुखीराम पता-संतोष साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा सरकंडा बिलासपुर संतराम साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा सरकंडा बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 285/129 (0.1900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतराम साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा सरकंडा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 17/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दाया आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/03/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार:**
**AKASH GUPTA**
**बिलासपुर**

**आम सूचना**
**(PUBLIC NOTICE)**

मैं अपने पक्षकार / कार्यार्थ श्री आनंद कुमार पोद्दार पिता स्वर्गीय श्यामजी कुमार पोद्दार निवासी जब्बल गली, शिवगंगल अपार्टमेंट के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्दिष्ट होकर, निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूं कृपया अवगत एवं तदनुसार व्यवहार करें।

ग्राम-मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर-1388/8 रकबा 0.0160 हेक्टयर (क्षेत्रफल 1750 वर्गफुट) प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. बिलासपुर भूस्वमिनी श्रीमती ज्योति गुप्ता पति श्री यशवंत, (आधार कार्ड नं. 535521327508) की संपत्ति है, उपरोक्त भूमि को मेरे कार्यार्थ श्री आनंद पोद्दार पिता स्वर्गीय श्यामजी पोद्दार को बेचने का पक्का सौदा किया है, और शीघ्र ही उक्त भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र के माध्यम से मेरे कार्याथ/पक्षकार के नाम पर कराने का इकरार नामा/पक्का सौदा किया है।

अतः सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्थशासकीय संस्था, नगरीय निकाय, बैंक या वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रशासन के 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के. अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जाएगा। सो सूचना जाने।
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 11.04.2026

**भवदीय**
**विक्की जॉन**
**अधिवक्ता**
**27 खोली चौक, जब्बाल गली, नेहरू नगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827900780, 7869096611**

**न्यायालय सप्तम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्रीमती श्रुती दुबे )**
**नोटिस**
व्य.प्र.क्र. 67अ/2023
आदेश दिनांक 02/04/2026
पेशी दिनांक 02/05/2026
प्रोसेस क्र. 55

गोपाल सिंह....वादी
**विरूद्ध**
कैलाश चन्द्र अग्रवाल वगैरह........ उत्तरवादी
नोटिस 1/ राहुल अग्रवाल पिता श्याम सुन्दर अग्रवाल 2/ सुश्री रमा देवांगन पिता मनोहर देवांगन 3/ चन्द्रकांत देवांगन पिता रामखिलावन देवांगन सभी पता ग्राम मोपका सिटी पार्क रोड, मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)...
प्रस्तावित पक्षकार

इस न्यायालय में वादी गोपाल सिंह ने उत्तरवादीगण कैलाश चन्द्र अग्रवाल वगैरह के विरूद्ध वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा रिक्त आधिपत्य दिलाये जाने बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 02/05/2026 को नियत है, इस प्रकरण में पेशी दिनांक 02/05/2026 को न्यायालय में प्रातः 11 बजे स्वतः उपस्थित होकर दावा आपत्ति, जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 02/05/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है तो या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो या पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो अगले दिन अग्रीम कार्यवाही की जायेगी।

अतः आज दिनांक 9-4-26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।
दिनांक 9-4-26

**(श्रीमती श्रुति दुबे)**
**सप्तम जिला न्यायाधीश**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय तहसीलदार बेलतरा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**।। ईश्तहार।।**
रा0प्र0क्र0 /

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/55/ रीडर-कले/ 2026 बिलासपुर दिनांक 20.03.2026 के अनुसार आवेदक रामेश्वर मरावी पिता श्री गणेश मरावी, जाति गोंड़ (अनु.ज.जा.) उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम फूलझर तहसील लोरमी, जिला मुंगेली हाल मुकाम एम.आई.जी.17. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कचना रायपुर द्वारा मौजा बैमा, प.ह.नं. 17 तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर स्थित उसके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 936 रकबा 1.595 हे. को जनहित कार्य के उपयोग हेतु स्वेच्छा से छ.ग. शासन को भूमि त्यजन करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. | खातेदार का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.मे.) | त्यजन की जा रही भूमि का रकबा (वर्गफुट में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामेश्वर मरावी पिता गणेश मरावी वर्ग अनु. जनजाति जाति गोंड़ पता-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कचना रायपुर स्वामित्व - भूमिस्वामी, कृषि भूमि | 936 | 1.5950 | 171684 वर्ग फुट |
| | कुल | 1 | 1.595 | 171684 वर्ग फुट |

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 21/4/2026 तक दावा / आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 06/4/26, पेशी दिनांक 21/4/2026
**तहसीलदार, बेलतरा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


श्री श्री 1008 श्री
संत शिरोमणी
श्री सेन जी महाराज
726वीं जयंती
की प्रदेश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. त्रिलोक चंद्र श्रीवास जी
प्रांताध्यक्ष, सर्व सेन/नाई समाज छत्तीसगढ़
प्रकाश श्रीवास
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री
सर्व सेन श्रीवास समाज बिलासपुर
नवीन श्रीवास
संभागीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ
सर्व सेन श्रीवास समाज बिलासपुर
लक्ष्मी श्रीवास
संभागीय युवा प्रकोष्ठ
उपाध्यक्ष श्रीवास समाज
विनय श्रीवास
युवा प्रकोष्ठ
संरक्षक श्रीवास समाज
राहुल श्रीवास
युवा प्रकोष्ठ
सर्व सेन श्रीवास समाज बिलासपुर
आशीष श्रीवास
युवा प्रकोष्ठ
सर्व सेन श्रीवास समाज बिलासपुर
अमित श्रीवास
युवा प्रकोष्ठ
सर्व सेन श्रीवास समाज बिलासपुर
शुभम श्रीवास
शहर अध्यक्ष
श्रीवास समाज बिलासपुर
भव्य शोभा यात्रा
14 अप्रैल को गांधी चौक से दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर
श्रीवास भवन मंगला चौक में समापन

## खबर संक्षेप

### सिलेंडर से लीक हुई गैस घर में लगी आग, 4 झुलसे

**बिलासपुर।** सिलेण्डर के पाइस से गैस लीक होने से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर 4 लोग झुलस गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, प्राथमिक इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 12 अप्रैल की रात जूना बिलासपुर में रहने वाले अशोक निर्मलकर के घर की महिलाएं खाना बनाने के लिए गैस सिलेण्डर जलाया। गैस पाइप लिकेज होने से पाइप फट गया और आग फैलने लगी, जिससे घर की महिलाएं पूजा निर्मलकर, सरोजनी, ममता आग की चपेट में आ गई और चीखने चिल्लाने लगी। अशोक निर्मलकर तीनों को किचन से सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान आग के चपेट में आकर झुलस गए। शोर शराबे व आग की लगने खबर से आसपास में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। झुलसे चारों लोगों को इलाज के लिए सिटी डिस्पेंसरी ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### युवक का सिर फोड़ा आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक के साथ मारपीट कर शराब की शीशी से सिर फोड़ने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, 11 अप्रैल को जूना बिलासपुर निवासी अनिल श्रीवास पिता गोपाल श्रीवास 38 साल रात 8 बजे बिलासा चौक में बैठे थे। उसी समय दीपक केंवट आया और शराब पीने के लिए उनसे पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो दीपक ने उनके साथ मारपीट करते हुए शराब की शीशी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया था। पुलिस ने अनिल श्रीवास की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 119, 1, 296, 115, 2, 351, 3, 118, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 13 अप्रैल को पुलिस ने पचरीघाट में दबिश देकर आरोपी दीपक केंवट को गिरफ्तार कर लिया है।

### अलग अलग मामले में दो युवकों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग दो घटनाओं में उधार का पैसा मांगने पर एक युवक की गर्दन पर व बारात देखने गए युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, चंदवाभाठा निवासी आशु सिंह मरावी पिता तोल सिंह मरावी एसी लगाने का काम करते है। 11 अप्रैल को उन्होंने मोहल्ले के दोस्त करन सिंह चौहान को 2 हजार रुपए उधार दिया था। 12 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे उन्होंने करण चौहान से पैसा वापस मांगा तो उसने पैसा देने से इनकार कर दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। गाली देने से मना कर वे घर जाने के लिए मुड़े तो अचानक करण सिंह ने उनकी गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरी घटना में सिरगिट्टी बन्नाक चौक निवासी ओम श्रीवास पिता स्व. भोला श्रीवास 12 अप्रैल को उनके मोहल्ले माधव गली के पीछे बारात आई थी तो वे बारात देखने गए थे। रात 11.40 बजे भुरवा वर्मा आया और बिना कारण के गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान में 5 लाख की चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर सोने के जेवर व 1 लाख रुपए नगद सहित 5 लाख का सामान चोरी कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार राजेंद्र नगर निवासी प्रशांत मिश्रा पिता द्वारिका मिश्रा शादी में शामिल होने परिवार सहित घर के दरवाजे पर ताला लगाकर बाहर चले गए थे। सोमवार को वह परिवार सहित वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो समान बिखरा पड़ा था और आलमारी का दरवाजा खुला था। आलमारी के लाकर से सोने के चार कंगन व 1 लाख नगद चोरी हो गए थे। चोरी गए सामान की कीमत पांच लाख रुपए बताया जा रहा है।

---

**जानकारी सबको, लेकिन सधीबधी में चल रहा सारा खेल** | **हितग्राही से पंद्रह रूपए में खरीदकर अनाज व्यापारियों को बीस रूपए में बेच रहे दुकानदार**

# चावल का 'चक्रव्यूह', सरकार से मुफ्त में मिला चावल मार्केट में 25 रूपए प्रतिकिलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार द्वारा राशन दुकानों के जरिए मुफ्त दिया जाने वाला चावल खुले बाजार में पचीस रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है। मामला यह है कि हितग्राहियों से पंद्रह रूपए प्रतिकिलो की दर पर चावल खरीदकर राशन दुकानदार व्यापारियों से बीस रूपए में बेचकर पांच रूपए कमाई करके खुश हैं।

व्यापारी अब यही चावल खुले बाजार में पचीस रूपए प्रतिकिलो की दर पर बेचकर पांच रूपए कमा रहे हैं। कुल मिलाकर चावलचोरी के लिए पूरा चक्रव्यूह रचा गया है, जिसमें नीचे से ऊपर तक सबका मामला सेट है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सरकार द्वारा एपीएल, बीपीएल, अंत्योदय जैसी खाद्यान्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को चावल उपलब्ध करा रही है। सरकार की यह योजना निश्चित रूप से गरीबों के हित में है, लेकिन सवाल यह है कि गरीब बनकर राशन दुकानों से हर महीने मुफ्त में चावल उठाने वाले सारे लोग क्या सच में गरीब हैं? अगर सच में वे सारे गरीब हैं तो मुफ्त में मिलने वाला सरकारी चावल खुले बाजार में 25 रूपए प्रति किलो की दर पर बिकने के लिए कैसे पहुंच रहा है? राशन दुकानों में ऐसे हितग्राहियों की बड़ी संख्या हर महीने पहुंचती है जो अपने हिस्से के चावल के बदले नगद पैसे लेकर आते हैं। राशन दुकानों में हितग्राहियों को पंद्रह रूपए प्रति किलो की दर पर भुगतान किया जाता है। राशन दुकानदार यही चावल बीस रूपए प्रति किलो की दर पर बाजार में खाद्यान्न का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को बेच देते हैं। खुले मार्केट में बड़े दुकानदार बीस रूपए में खरीदा चावल 25 रूपए में बेचकर पांच रूपए का मुनाफा कमा रहे हैं।

■ **वही चावल खुले बाजार में 25 रूपए में बेचे जा रहे**



#### खाद्य विभाग को पूरी खबर, लेकिन कार्रवाई शून्य

राशन दुकान से लेकर बाजार तक हो रहे इस लेनदेन की पूरी खबर खाद्य विभाग को है, लेकिन इस संबंध में किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। खाद्य विभाग द्वारा राशन दुकानदारों को चावल के बदले पैसे मांगने वाले हितग्राहियों की तत्काल सूचना देने संबंधी आदेश क्यों जारी नहीं किया जाता? ताकि ऐसे लोगों के कार्ड निरस्तीकरण करने की शासन से अनुशंसा की जा सके। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि चावल बेचकर केवल हितग्राही लाभ कमा रहे हैं। उनसे चावल लेकर व्यापारियों को बेचने के कारण राशन दुकानदार भी मोटी रकम कमा रहे हैं। यही कारण है कि इस तरह की किसी भी गतिविधि की जानकारी उनके द्वारा खाद्य विभाग को नहीं दी जाती।

#### होटल व्यवसायी हैं मोटे चावल के बड़े खरीददार

वर्तमान में ज्यादातर जरूरतमंद लोगों ने बीपीएल कार्ड बनवा रखे हैं। जो इस दायरे में नहीं आते उनमें से भी ज्यादातर लोगों ने एपीएल कार्ड बनवाए हैं, जिन्हें दस रूपए प्रति किलो की दर पर चावल मिल जाता है। अब सवाल यह है कि जब सबके कार्ड बन चुके हैं तो खुले बाजार में राशन दुकान का चावल खरीदता कौन है? मोटे चावल के सबसे बड़े खरीददार होटल व्यवसायी है। होटलों में इडली-डोसा के लिए मोटे चावल की जरूरत पड़ती है, जिससे इन होटलों में मोटे चावल की बड़ी खपत है। 25 रूपए की दर पर ये खुशी से मार्केट से मोटा चावल खरीदते हैं।

#### हितग्राही का अंगूठा लगा मतलब लायसेंसी हुआ लेनदेन

राशन दुकानों से चावल लेने वाले प्रत्येक हितग्राही को ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाना पड़ता है। हितग्राही का अंगूठा ही इस बात का प्रमाण है कि संबंधित ने अपने हिस्से के चावल का उठाव कर लिया है। अंगूठा लगाने के बाद हितग्राही चावल का उठाव करता है या पैसे का? यह राशन दुकान संचालक व हितग्राही के बीच का मामला है। शासन की नजर में अंगूठा लगाकर हितग्राही ने चावल उठा लिया। बस इसी बात का लाभ हितग्राही व दुकानदार दोनों ही उठा लेते हैं और किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाती।

#### अभी सबको एक क्विंटल चावल मतलब चांदी कटेगी

सरकार द्वारा हितग्राहियों को अप्रैल से जून तक तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दे रही है। तीन सदस्यों वाले परिवार को हर महीने अगर 35 किलोग्राम चावल भी जारी होता होगा, तो ऐसे परिवारों को अभी 1 क्विंटल से भी अधिक चावल मिलेगा। ऐसे में सरकारी चावल की बंदरबांट का खेल अभी भरपूर चलेगा और सबकी चांदी रहेगी।

#### जानकारी मिलने पर होगी कार्रवाई

राशन दुकानों में मिलने वाले चावल के बदले हितग्राहियों द्वारा पैसे लेना पूरी तरह अनुचित है व यह अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें शामिल राशन दुकान संचालक भी बराबर दोषी हैं। अगर किसी दुकानदार के द्वारा ऐसा किए जाने की जानकारी मिलती है तो संबंधित पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

---



अशोक नगर जाने वाली सड़क के बीच में खड़े खंभे नहीं हटाए गए जिससे निर्माण कार्य हो रहा प्रभावित, लोग हो रहे परेशान।

**फंड जमा नहीं होने के कारण बिजली विभाग की देरी**

# सड़क को बना दिया प्रयोगशाला, बिजली पोल नहीं हटने से हर पल हादसे का खतरा



पोल नहीं हटाने से बढ़ रहा खतरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर से बिरकोना पहुंच मार्ग पर इन दिनों सड़क बदहाल है। सड़क पर धूल के गुबार उठ रहे हैं। चौड़ीकरण के लिए सड़क को पूरी तरह से प्रयोगशाला बना दिया गया है। बिजली विभाग व नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते लोगों की जान जोखिम में है। सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली पोल और खंबों की शिफ्टिंग नहीं की गई है, ऐसे में हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

सड़क चौड़ीकरण से पहले खंबे अनिवार्य तौर पर हटाए जाते हैं, लेकिन सरकंडा पार अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क लापरवाही का उदाहरण बन रही है। बिना खंबे हटाए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम और बिजली विभाग लोगों की सुविधाओं को अनदेखा कर निर्माण कर रही है। सड़क पर दिन के समय धूल के गुबार उड़ रहे हैं, ऐसे में शाम ढलते ही सड़क पूरी तरह से खतरनाक हो जाती है। सड़क चौड़ीकरण के कारण खंबों से हादसा होने का खतरा चुका है। यह कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है लेकिन नियमों को ताक पर रख दिया गया है। दरअसल 15 फीसदी सुपर विजन चार्ज के तहत बिजली विभाग को भुगतान किया गया है, ऐसे में बिजली अधिकारी खंबों को हटाने का कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें महज शटडाउन दिया जाना है। सड़क ठेकेदार को खंबा हटाना है और नया खंबा हटाकर बिजली शुरू करनी है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही यह है कि बिना पोल शिफ्टिंग के निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे हर आने जाने वालों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है वहीं निर्माण की गुणवत्ता भी खराब हो रही है।

■ **अधिकारियों ने कहा जल्द होगी शिफ्टिंग।**

#### किया जाएगा सुपरविजन

बिजली विभाग सुपर विजन करेगा। बिजली खंबे और पोल हटाने के लिए टेंडर किया जा चुका है। सड़क निर्माण से पहले हटा लिया जाएगा।

-**प्रकाश सर्वे**, कमिश्नर, नगर निगम

#### दिन भर उड़ती है धूल

निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के कारण सड़क से चलना दूभर हो चुका है। दिन भर सड़क पर धूल उड़ रही है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके से रोजाना 10 हजार से अधिक लोग आवाजाही करते हैं। निगम की पानी टंकी महज एक बार छिड़काव करती है, लेकिन तेज धूप में महज कुछ ही घंटो में हाल जस का तस हो जाता है। यह पूरी तरह से नाकाफी साबित हो रहा है। खास बात यह है कि स्कूली बच्चो को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।



#### तीन सड़कों को मिली 4.35 करोड़ की स्वीकृति

शासन द्वारा रतनपुर-कोटा क्षेत्र की तीन ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 4 करोड़ 35 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण की मांग काफी पहले से की जा रही थी। शासन द्वारा अब स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग को शासन द्वारा रतनपुर व कोटा क्षेत्र की तीन ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत पहली सड़क ग्राम पुडु के बगबुड़ नाला से बंगलाभाठा तक बनाई जाएगी। एक किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क के लिए 1 47 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। दूसरी सड़क खरगहना से सज्जनपारा तक बनाई जानी है। इस सड़क की लंबाई 2 20 किलोमीटर होगी, जिसके लिए 3 करोड़ 20 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। तीसरी ग्रामीण सड़क छेरकाबांधा से पिपरापारा स्वीकृत है, जिसके 7 सौ मीटर लंबाई में निर्माण के लिए 68 लाख रूपए की मंजूरी दी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा तीनों सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

**तीनों सड़कें रतनपुर कोटा क्षेत्र की**

---

**अवैध शराब बेचने के संदेह पर ढाबा संचालक को पकड़कर बिना कार्रवाई के छोड़ा**

## एएसआई सहित दो आरक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी थाना के एएसआई व दो आरक्षकों ने शराब बेचने का आरोप लगाते हुए ढाबा संचालक को पकड़ लिया, फिर उसे थाने के पीछे खण्डहरनुमा मकान में बैठाकर दबाव बनाते हुए

बिना कार्रवाई के छोड़ने लिए सौदेबाजी करने लगे। थाने में जानकारी होने पर उसे बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। पीड़ित ढाबा संचालक ने जबरिया कार्रवाई करने का दबाव बनाकर पैसा मांगने की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी ने एएसआई व दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। 10 अप्रैल को मस्तूरी थाना के एएसआई शिव चंद्रा, थाने का रीडर आरक्षक शशिकरण कुर्रे, एसडीओपी का गनमैन आरक्षक शिवधन बंजारे ने दर्रीघाट के ढाबा में दबिश देकर संचालक को पकड़ लिया, ये सभी उसे थाने के पीछे खण्डहरनुमा मकान में ले गए और बिना कार्रवाई के उसे छोड़ने के लिए सौदेबाजी करने लगे। इसकी जानकारी होने थाने में होने की सूचना मिलने पर तीनों ने आनन फानन में ढाबा संचालक को छोड़ दिया। ढाबा संचालक ने जबरिया शराब बेचने का आरोप लगाकर कार्रवाई करने का भय दिखाने और पैसा मांगने की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी रजनेश सिंह ने एएसआई शिव चंद्रा, आरक्षक शशिकरण कुर्रे, शिवधन बंजारे को लाइन अटैच कर दिया है। इसी तरह एएसआई ढोलाराम मरकाम का पुलिस लाइन से मस्तूरी, मनोज यादव का पुलिस लाइन से सिविल लाइन, आरक्षक अरविंद अनंत का कोटा से सीपत थाना तबादला किया गया है।

### दो म्यूल बैंक खाताधारकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने दो म्यूल बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल जेएमईएस के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक के संदिग्ध बैक खाता धारक उमाशंकर पिता सखाराम बंजारे ग्राम परदेशीकांपा चिल्फी मुंगेली निवासी के द्वारा खुलवाया गया है। उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई / एटीएम विड्रल माध्यम से रकम स्थानांतरित व आहरित किया है। उक्त बैंक खाता से ठगी रकम लेनदेन करने की आशंका है। इसी तरह चकरभाठा पुलिस ने म्यूल बैंक खाताधारक राज चौहान पिता संपत चौहान रहंगी इंद्रपुरी निवासी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेल रोको आंदोलन करने वाले 6 में से दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल रोको आंदोलन करने वालों के खिलाफ आरपीएफ की टीम ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मुसरा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 68724 के संचालन के विलंब के विरोध में कुछ व्यक्तियों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर रेल रोको का आंदोलन किया, जिसके कारण ट्रेन परिचालन बाधित होने के साथ यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन में निरीक्षक प्रभारी ने जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, फोटोग्राफ एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान की। इस दौरान दो आरोपियों अरूण चौबे और अनिरूद्ध कुमार मिश्रा की पहचान करने के बाद उन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों ने कुछ व्यक्तियों के साथ मिलकर रेलवे ट्रैक पर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर ट्रेन के इंजन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है। वहीं घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान के लिए लगातार पतासाजी की जा रही है।

---

### इलाज के दौरान आर्मी जवान की मौत

**बिलासपुर।** आर्मी जवान की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार लोरमी मलखचरी खुड़िया निवासी आर्मी जवान संतोष कुमार प्रधान पिता समारु प्रधान की तबीयत खराब होने पर 2 दिन पहले इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बिजली बंद ने लोगों को किया हलाकान इसके बाद भी लुकाछीपी का खेल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका 220 केवी सबस्टेशन में रखरखाव व मरम्मत के लिए बंद की बिजली सप्लाई ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। सुबह 9 बजे के बाद बंद बिजली के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच सका। वहीं शाम तक बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

मोपका 220/ 132 केवी सबस्टेशन से शहर के कई छोटे सबस्टेशन तक सप्लाई ठप रही। 33 व 11 केवी के सबस्टेशन से सुबह 9 बजे से 3 बजे तक बिजली बंद की रही, जिसके चलते भीषण गर्मी में लोगों को हलाकान होना पड़ा। बसंत विहार, लिंक रोड, सिरगिट्टी जोन सहित आधे शहर की बिजली व्यवस्था बाधित रही। इस दौरान कई घरों में पीने का पर्याप्त पानी नहीं पहुंच सका जिसके चलते नगर निगम ने टंकी भेज कर पानी की आपूर्ति पूरी की। मोपका, आरके नगर, गीताजंली सिटी, लिंगियाडही, बसंत विहार, साइंस कालेज, मधुबन, सिलपहरी जैसे सबस्टेशन ठप रहे। महावीर सिटी, शिवम सिटी, आरके नगर, गार्डन सिटी, देवरीखुर्द, गीताजंली सिटी, चिंगराजपारा, लिंगियाडीह, राजीव विहार, दूरदर्श, बसंत विहार, साइंस कालेज अरपा रपाट, विजयापुरम, सोनगंगा, गांधी चौक, कतियापारा, नारियल कोठी 11 केवी लाइनों में सप्लाई दोपहर 3 बजे तक बंद रही।



#### बार-बार आती जाती रही बिजली

जहां बिजली विभाग मेंटनेंस कर रहा है लेकिन इसके बावजूद ट्रीपिंग की समस्या बनी हुई है। ट्रांसफार्मर का डियो गिरने के कारण एक फेस में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है, ऐसे में जहां लोग इसे मेंटनेंस समझ लेते हैं, वहीं बिजली अधिकारी भी इससे अंजान रहते हैं। जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को भी शेड्यूल के दौरान 3 बजे ज्यादातर इलाकों में बिजली पहुंच गई थी, लेकिन इसके बाद करबला, अशोक नगर, राजकिशोर नगर में ट्रिपिंग होती रही।



## खबर संक्षेप

### महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने एमडीए कार्यशाला



**लोरमी।** जनपद सभागार में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जिले की 30 महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं महिला संचालित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बाजार से जोड़ना, उनके उत्पादों की ब्रांडिंग एवं बिक्री को बढ़ावा देना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश कुमार कंवर ने किया। उन्होंने कहा कि, महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर विकासखंड परियोजना प्रबंधक अविनाश चंद्र अहीरे, विभागीय अधिकारी, विपणन विशेषज्ञ एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की बैठक, वायरल ऑडियो पर कार्रवाई का प्रस्ताव



**मुंगेली।** संगठन एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रभारी के रूप में प्रेमचंद जायसी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई और बूथ स्तर पर हो रहे चयन को लेकर तथा अनुशासन पर भी जोर दिया गया। कांग्रेस भवन में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को नियुक्त किए जाने तथा संगठन को मजबूत किए जाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही विगत दिनों जिले में चर्चित वायरल ऑडियो को लेकर चर्चा की गई, और इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए वायरल करने वाले पर कार्रवाई का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में कांग्रेस संगठन कि छवि खराब होने एवं अनुशासन की कमी बताते हुए वायरल करने वाले पर कार्यवाई और निंदा प्रस्ताव पास किया गया।

### जिला अस्पताल में महिलाओं को मिल रही सभी सुविधाएं



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में निरंतर बेहतर हो रही सुविधाओं के चलते अब जिले की महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार कुशल मार्गदर्शन में यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकेत है, बल्कि शासन की जनहितकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का भी प्रमाण है। जिला चिकित्सालय मुंगेली के 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल ने बीते एक वर्ष में सुरक्षित मातृत्व एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में अस्पताल में कुल 03 हजार 602 प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और चिकित्सा टीम की दक्षता को दर्शाता है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि अस्पताल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा स्मृति लाल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार, चिकित्सा अधिकारियों, लेबर रूम स्टॉफ, ऑपरेशन थिएटर (ओ.टी.) स्टॉफ एवं पीएनसी स्टॉफ की टीम ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए सुरक्षित प्रसव सेवाएं प्रदान कीं।

### हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**मुंगेली।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव (लू) की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आमजनों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लू से बचाव के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, जो गंभीर एवं जानलेवा भी हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां ओआरएस, आईवी फ्लूड, जीवन रक्षक दवाइयों एवं शीतलन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं तथा मितानिनों की दवा पेटी को रिफिल करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 'मनियारी नीर प्याऊ घर' के माध्यम से शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने पर सिर दर्द, चक्कर, तेज बुखार, उल्टी, शरीर में कमजोरी, अधिक प्यास लगना और पसीना न आना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

#### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

# एकल शिक्षकीय स्कूल में नहीं हो रही पढ़ाई, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न गांवों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। ग्राम कोदवाबानी के राकेश कुमार ने पुस्तैनी जमीन के बंटवारे की मांग रखी, वहीं ग्राम पीपरखुंटा के सोमनाथ बंजारे ने गांव में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर स्थापित कराने की आवश्यकता बताई। ग्राम पंचायत सुरदा के सरपंच एवं ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला सुरदा के प्रधान पाठक को मूल शाला हेतु कार्यमुक्त करने हेतु आवेदन किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाला जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को न केवल सुनी जा रही है, बल्कि उनके समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही भी की जा रही है। इससे जनता का विश्वास और मजबूत हो रहा है तथा शासन की जनहितकारी नीतियां जमीनी स्तर पर सार्थक रूप से क्रियान्वित हो रही हैं। जनदर्शन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त मंच बनता जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बड़ी संवेदनशीलता के साथ आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



कलेक्टोरेट में सुनवाई करते अधिकारी।

**सड़क पर मवेशी, सीएमओ को नोटिसः** कलेक्टर ने जरहागांव एवं बरेला में सड़क पर मवेशियों की समस्या और साफ-सफाई की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीएमओ को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति सुधारने निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए खुड़िया में स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन, लोरमी में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण एवं भालापुर-अचानकपुर सड़क को बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास हेतु भूमि चयन शीघ्र पूर्ण करने तथा मोतिमपुर, जरहागांव एवं सेतगंगा में अर्बन पीएचसी शीघ्र प्रारंभ करने तथा सीएम जनदर्शन अंतर्गत लंबित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन एवं एमबीयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन



**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने दोपहर 12 बजे पड़ाव चौक में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा वितरित की गई साड़ियां न केवल निम्न स्तर की हैं, बल्कि उनकी लंबाई भी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका उपयोग करना कठिन हो रहा है। प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी मे महिला कांग्रेस की जिला इकाई द्वारा 13 अप्रैल को प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता और लंबाई को लेकर उत्पन्न असंतोष के चलते लिया गया है।

## बिजली समस्या नहीं सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी



**तखतपुर।** बिजली की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों के साथ विद्युत विभाग को आवेदन देते हुए चेतावनी दी है कि दो दिवस के भीतर चनाडोंगरी चोरभठ्ठी क्षेत्र में विद्युत की समस्या हल नही की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए आवेदन में जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक सहित अन्य ने कहा है कि आए दिन चनाडोंगरी क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिसके कारण ग्रामीणों को न तो पीने का पानी मिल रहा है और न ही निस्तारी हो पा रहा है। बमुश्किल से चार पांच घंटा ही बिजली रहती है उसके बाद बंद हो जाती है। चोरभठ्ठी उपकेंद्र से लोड अधिक होने के कारण कटौती बार बार किया जा रहा है।

## जनगणना के लिए प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**तखतपुर।** जनगणना के तहत प्रथम चरण का काम प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए मकान की गणना को लेकर इस कार्य में लगे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेजेस तखतपुर में आयोजित की गई।जहां पर प्रगणकों को और पर्यवेक्षकों को 1मई में से शुरू होने वाले मकान की गणना के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के संबंध में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला ने कहा कि आप सभी पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण को पूरे समय तक लें और किसी तरह का शंका हो तो उसका समाधान मास्टर ट्रेनरों से कर लें। कोई भी शंका यहां से लेकर आपको नहीं जाना है यदि मन में कोई शंका रहेगी तो गणना कार्य प्रभावित होगा। पूरे तखतपुर विकासखंड में प्रगणकों को ट्रेनिंग चरणबद्ध दी जा रही है। जिसमें प्रथम चरण का प्रशिक्षण 13 से 15 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों की ओर से एक-एक बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण में सभी शंका का समाधान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह से भवन की गणना मकान की गणना परिवारों की गणना नजरी नक्शा इत्यादि बनाया जाएगा और उसे कैसे अपडेट करेंगे। पहली बार डिजिटल जनगणना हो रही है।

## परशुराम जन्मोत्सव मनाने महिलाओं की बैठक



**मल्हार।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा के सफल आयोजन क के लिए महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रितु अमिताभ चतुर्वेदी के निवास में सम्पन्न हुई। आगामी 22 अप्रैल बुधवार को नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर माँ डिडनेश्वरी मंदिर से देउर मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी जिसमे इस बार ब्राम्हण मातृशक्ति की भी विशेष सहभागिता रहेगी जिसके लिए यह बैठक रखी गई।इस अवसर पर उपस्थित सभी माताओं एवं बहनों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे आगामी शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी और अपनी सक्रिय उपस्थिति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेंगी। बैठक के दौरान शोभायात्रा से जुड़े विभिन्न आवश्यक कार्यों का सुव्यवस्थित ढंग से विभाजन किया गया, जिससे आयोजन में अनुशासन, सुंदरता एवं सफलता सुनिश्चित हो सके। साथ ही यह भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में ब्राह्मण समाज की महिलाओं की सशक्त, संगठित एवं निरंतर भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। नारी शक्ति की एकजुटता, समर्पण और उत्साह ही इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनाएगा।

## आरोग्य भारती की बैठक में की गई जिला कार्यकारिणी की घोषणा




हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

आरोग्य भारती की बैठक का आयोजन संघ कार्यालय पेंड्रा में किया गया। बैठक में प्रांत सचिव अशोक यादव, प्रांत योग प्रमुख चंद्र प्रकाश पाण्डेय एवं प्रांत महिला प्रमुख प्रतिभा पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सचिव अशोक यादव ने बताया कि आरोग्य भारती स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक स्वयंसेवी संगठन है, जो भारतीय जीवन मूल्यों को आधार बनाकर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए सेवाभावी लोगों को संगठित करता है और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रांत योग प्रमुख चंद्र प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि सामान्य रोगों का समाधान स्वयं किया जा सके। उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। वहीं प्रांत महिला प्रमुख प्रतिभा पांडेय ने कहा कि संगठन विभिन्न सेवा प्रकल्पों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करता है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आरोग्य भारती की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

जिसमें पवन त्रिपाठी को जिला संरक्षक, प्रकाश नामदेव को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. मृत्युंजय शर्मा को जिलाध्यक्ष, कृष्णा तिवारी को जिला सचिव, उज्जवल तिवारी को कोषाध्यक्ष एवं डॉ. विवेक साहू को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही श्रीमती दुर्गा गुप्ता, श्रीमती शकुन जैन, डॉ. कृष्णकांत साहू एवं डॉ. नितिन बुंदेला को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

## कालीमाई वार्ड एवं रामगढ़ में चला भाजपा का अभियान



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देश पर मुंगेली नगर मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत कालीमाई वार्ड एवं रामगढ़ मुंगेली में अभियान संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कालीमाई वार्ड में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर इस अभियान को प्रारम्भ किया गया। जिला भाजपा प्रभारी ज्योति नंद दुबे, पुन्नूलाल मोहले विधायक, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष पाठक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे ने नरेंद्र मोदी के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण जानकारी दी। विधायक श्री मोहले ने सभी को आवास, महतारी वंदन, निराश्रित पेंशन, स्वास्थ्य बीमा तथा कम दर पर जिला अस्पताल मुंगेली में इलाज के सुविधा की बात कही। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने सभी हितग्राहियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपील की। इस अवसर पर अतिथियों ने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी दिया। साथ ही उनका स्वागत और सम्मान किया। यह अभियान कालीमाई वार्ड और रामगढ़ में आयोजित हुआ। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, द्वारिका जायसवाल, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, मोहन मल्लाह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वासुदेव देवांगन, विजय यादव, शैलेन्द्र यादव, रितिमा लाल, श्वेता सोनी, गायत्री भोई, होरीलाल सोनकर, विजेंद्र दीक्षित, सुनील सोनी, पार्षद प्रतिनिधि सत्तू सिंह, रोशन सोनी, कृपाराम, कमलेश चौहान सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद यादव, महेश यादव, राजेश्वर टंडन, घनश्याम यादव आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

## भाजपाइयों ने किया विभिन्न योजनाओं के हितग्रहियों से संपर्क



**लोरमी।** गोंडखाम्ही भाजपा मंडल की ओर से 'गांव चलो-बस्ती चलो अभियान' के अंतर्गत जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान अमलीडीह सहित अन्य ग्रामों में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, किसान सम्मान निधि, उज्जवला जैसी अनेकों योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर चर्चा की गई. वर्षा सिंह ने कहा कि, सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अभियान का उद्देश्य है। झझपूरिकला में विकास केशरवानी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान मे जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, महामंत्री जवाहर दिवाकर, भानु खांडे, परमेश्वर टोंडे, रेखा मोहन साहू, रमेश मरावी, शमशाद बेगम, सुहावन साहू, गीता यादव, राधेश्याम साहू, संजय साहू, तामेश्वर साहू, पीयूष साहू, गणेश जायसवाल, मिट्ठू साहु, मिलाप साहू, टेमलाल काठले, राजू जायसवाल, तुलसी काठले, शिवराज पटेल, रवि चेलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजयुमो का जनसंपर्क, घर-घर जाकर दिया अभिनंदन पत्र



**मल्हार।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण अंतर्गत नगर पंचायत मल्हार और ग्राम पंचायत जूनवानी व कटहा में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर 'बस्ती चलो-गांव चलो' अभियान के तहत संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान युवाओं, महिला-पुरुष एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व बुजुर्गों को घर-घर जाकर अभिनंदन पत्र दिया गया। साथ ही सभी तरह की योजनाओं की जानकारी उनके बीच में साझा किया गया। इस अवसर पर विस प्रभारी अंकित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश गोलू सिंह, दिलीप पांडे, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, विधिराम रजक, रितिक नागदेव, सुरेश खटकर, राजकुमार वर्मा, राजेश यादव, रितेश साहू, रमेश सूर्यकांत, अंजीत पटेल, पूरन सिंह ठाकुर, प्रकाश कुर्रे, शत्रुघन यादव, छोटेलाल यादव, पुरुषोत्तम पटेल दीपक यादव, रमेश यादव, मनराखन केवर्त, रामफल कांत, रंजन साहू, अंकेश पाण्डेय, शंकर सिंह, सूरज सिंह, टिकेश वैष्णव, आकाश चौबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## हितग्राहियों से संपर्क कर दी योजनाओं की जानकारी




**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर नगर मंडल द्वारा टगांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत वार्डों में पात्र हितग्राहियों से संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं उनको मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया।

साथ ही यदि किसी किसी पात्र हितग्राही को लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो उनको योजना का लाभ दिलाने का कार्य भी इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। रविवार को रामगोपाल तिवारी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसके प्रभारी प्रवीण सोनी, मन्नूलाल श्रीवास्तव एवं जीवन पटेल रहे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शैलेष पाठक, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई, नपा उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वासुदेव देवांगन, भुवनेश्वर साहू,विजय यादव,रवि साहू,राजा तंबोली, मनोज मिश्रा दीपक सोनकर, राहुल पाठक अवधेश पाठक, वैभव ताम्रकार शैलेन्द्र यादव आदि उपस्थिति रहे।

## महिला कार्यकर्ताओं ने निरजाम में किया जनसंपर्क




**सेतगंगा/मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी की 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और लाभार्थियों से भेंट किया गया।

यह कार्यक्रम ग्राम निरजाम के प्रभारी इंजी. अंचना बंजारा अध्यक्ष महिला मोर्चा सेतगंगा मंडल एवं पायल विश्व कर्मा जिला मंत्री, अर्चना चंजतम भाजपा कार्यकर्ता, बिमलेश्वरी गबेल महामंत्री महिला मोर्चा सेतगंगा मंडल, लवलेश सिंह, देवचरण साहू, सत्यम साहू, जितेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत निरजाम एवं अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव भ्रमण किया गया।

## सम्पर्क अभियान के तहत युवाओं से किया गया सीधा संवाद




**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा पथरिया मण्डल के नेतृत्व में नगर पंचायत पथरिया में गांव चलो-बस्ती चलो व युवा संपर्क का व्यापक अभियान आयोजित किया! जहां भाजयुमो मुंगेली जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने अगुवानी की। भाजयुमो मुंगेली जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जनकल्याणकारी योजना लाने वाला संगठन और सरकार है। भाजयुमो पथरिया मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र बघेल ने आभार व्यक्त किया। भाजयुमो द्वारा वीरांगना अवन्ति बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय पथरिया के छात्र-छात्राओं संग युवा संपर्क के तहत युवा संवाद किया और युवाओं से जुड़े योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में राजेन्द्र साहू नारायण वर्मा, संजय राजपूत, बलराम जायसवाल, रविन्द्र बघेल, दीपक सोनकर, रघु वैष्णव, युगल राजपूत महामंत्री ओमप्रकाश यादव, टीकाराम राजपूत, महेंद्र गुप्ता, बलदाऊ जायसवाल, राजकुमार बंजारे, योगानंद साहू, भास्कर राजपूत, पीयूष साहू, शुभम मिश्रा सहित अन्य पथरिया मण्डल के कार्यकर्ता मौजद रहे।